mediaauditornews@gmail.com mediaauditor Epaperdainikmediaauditor.in mediaauditor वर्ष-04 अंक-252 पृष्ठ-8 मूल्य-3 रूपये

सतना
11 सितंबर 2024 बुधवार

दैनिक
# मीडियाऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित


आज देश के हर...
@ पेज 7

# वो 4 साल से कमा रहे, हम अब तक बेरोजगार

**● अब हमारे समुदाय के मंत्री मदद करें, बोले 69,000 प्रदर्शनकारी ● गहराता जा रहा है उर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला**

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला गहराता जा रहा है। हाई कोर्ट की लखनऊ डबल बेंच के आदेश के बाद आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली थी। डबल बेंच ने यूपी सरकार से तीन महीने में नई मेरिट लिस्ट जारी करने का आदेश पिछले महीने दिया था। वहीं डबल बेंच के आदेश से बड़ी संख्या में चयनित शिक्षकों को नौकरी जाने का डर सताने लगा था। अब चयनित शिक्षकों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में दोनों पक्षों को सुनवाई करते हुए अगली डेट 23 सितंबर दे दी है। अब अगली सुनवाई में यूपी सरकार, चयनित शिक्षक और आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी अपना-अपना पक्ष लिखित में सुप्रीम कोर्ट को देंगे। इस बीच आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने अपने समुदाय के मंत्रियों से कानूनी लड़ाई में मदद मांगी है। उनका कहना है कि अब उनके पास इस लड़ाई को खींचने की क्षमता नहीं है।



### हमारे समुदाय के मंत्री हमारी कानूनी मदद करें

कृष्ण चंद्र ने कहा कि हम लोग गरीब हैं। तिनका-तिनका जोड़कर कोर्ट में किसी तरह से वकील खड़ा करते हैं। दूसरे पक्ष के लोग पिछले चार साल से पैसा कमा रहे हैं जिसके चलते कोर्ट में 50-50 लाख रुपये खर्च करके महंगे और नामी वकील खड़ा कर देते हैं। सोमवार को हुई सुनवाई में मेरिट पर कोई बहस नहीं हुई थी, जबकि हम लोगों ने अपना पक्ष रखा था। हम लोगों की मांग है कि एससी में मेरिट पर बहस हो। साथ ही राज्य सरकार रिजर्वेशन और रिलेक्सेशन के अंतर को अपने रिटेन सबमिशन में स्पष्ट करें। हम जानना चाहते हैं कि सरकार किस तरफ खड़ी है, क्योंकि डबल बेंच में सुनवाई के दौरान सरकार रिटेन में आरक्षित वर्ग के साथ नहीं खड़ी थी। सरकार के मंत्री सिर्फ कहते हैं कि हम आपके साथ हैं लेकिन कोर्ट में सरकार हमारे पक्ष में नहीं खड़ी होती है। कोर्ट में सरकार हमारे खिलाफ लिखकर देती है। कृष्ण चंद्र ने कहा कि यूपी सरकार में शामिल हमारे वर्ग से आने वाले मंत्रियों से कहना चाहता हूं कि अगर वो हमारे पक्ष में सच में खड़े हैं तो सुप्रीम कोर्ट में किसी नामी सीनियर वकील को हमारे तरफ से खड़ा कराने में आर्थिक समेत हर तरीके से मदद करें।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी-मथुरा विवाद वक्फ बिल पर भी चर्चा

● रिटायर्ड जजों के साथ वीएचपी ने की बैठक

**कानून मंत्री भी हुए शामिल**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व हिंदू परिषद ने हाल ही में 30 रिटायर्ड जजों के साथ एक मीटिंग की। रविवार को वीएचपी के 'विधि प्रकोष्ठ' (कानूनी प्रकोष्ठ) द्वारा आयोजित एक बैठक में सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न उच्च न्यायालयों के लगभग 30 सेवानिवृत्त न्यायाधीशों ने भाग लिया। मीटिंग में उन्होंने वाराणसी और मथुरा मंदिरों पर कानूनी विवाद, वक्फ (संशोधन) विधेयक और अन्य मुद्दों के बीच धार्मिक रूपांतरण पर चर्चा की गयी। इस बैठक में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी



मौजूद थे। विहिप अध्यक्ष आलोक कुमार ने बातचीत के दौरान कहा, हमने उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को आमंत्रित किया था। समाज के सामने मौजूद मुद्दों- जैसे वक्फ (संशोधन) विधेयक, मंदिरों को सरकारी नियंत्रण में सौंपना, धर्मांतरण पर चर्चा की गई। इसका उद्देश्य न्यायाधीशों और विहिप के बीच विचारों का मुक्त आदान-प्रदान था ताकि दोनों एक-दूसरे के बारे में समझ विकसित कर सकें। विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि यह विचारों के आदान-प्रदान का मंच है। उन्होंने कहा, राष्ट्रवाद और हिंदुत्व पर चर्चा हुई। हिंदुओं को प्रभावित करने वाले कानूनों, मंदिरों की मुक्ति, धर्मांतरण, गायों की हत्या और वक्फ बोर्ड पर चर्चा की गई।

### आईआईटी गुवाहाटी के हॉस्टल में एक और स्टूडेंट की मौत

**इस साल का चौथा मामला**

● स्टूडेंट्स ने कहा-एकेडमिक स्ट्रेस से हो रहे सुसाइड


**गुवाहाटी (एजेंसी)।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी आईआईटी गुवाहाटी के हॉस्टल में 9 सितंबर की शाम एक स्टूडेंट मृत पाया गया। उत्तर प्रदेश का छात्र कम्प्यूटर साइंस 3 ईयर का स्टूडेंट था। मौत की वजह अभी पता नहीं चली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच



शुरू कर दी है। हॉस्टल में स्टूडेंट की मौत का इस साल का ये चौथा मामला है। एक महीने पहले ही, 9 अगस्त को आईआईटी की एक फीमेल स्टूडेंट ने अपने हॉस्टल रूम में फंदा लगाकर जान दे दी थी। 23 साल की स्टूडेंट भी यूपी से ही थी। देर शाम स्टूडेंट का शव मिलने के बाद हजारों स्टूडेंट्स ने एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग के बाहर जमा होकर प्रदर्शन किया। स्टूडेंट्स का कहना है कि छात्र ने एकेडमिक स्ट्रेस के चलते जान दी है। 75 फीसदी अटेंडेंस पूरी नहीं होने के चलते एग्जाम से रोका था।

# पृथ्वी के करीब आ रहा प्रलय का देवता

**इसरो ने बताया उल्कापिंड से धरती को कितना खतरा, एपोफिस पर बनाए हुए है नजर**




नई दिल्ली (एजेंसी)। धरती के करीब एक विशाल उल्कापिंड आ रहा है। इस उल्कापिंड का नाम एपोफिस है, जिसकी निगरानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) कर रहा है। इस उल्कापिंड के पृथ्वी के बहुत करीब आने की संभावना है। इस एस्टेरॉयड का नाम मिस्र के विनाश के देवता के नाम पर रखा गया है। पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ रहा उल्कापिंड 13 अप्रैल 2029 को सबसे करीब पहुंचेगा। इसरो के पोर्टफोलियो में ग्रहीय रक्षा नाम का नया डोमेन जोड़ा गया है। इसका काम पृथ्वी को अंतरिक्ष से आने वाली खतरनाक वस्तुओं से बचाना है। रिपोर्ट के मुताबिक इसरो के अध्यक्ष डॉ एक सोमनाथ ने कहा, एक बड़ा एस्टेरॉयड हमारी मानवता के लिए खतरनाक हो सकता है। इसरो ऐसे खतरे के प्रति सचेत है। हमारा नेटवर्क फॉर स्पेस ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग एंड एनालिसिस एपोफिस की बहुत बारीकी से निगरानी कर रहा है। क्योंकि हमारे पास रहने के लिए एक ही पृथ्वी है।



ऐसे खतरों से बचने के लिए हम सभी देशों से सहयोग करेंगे। डॉ. सोमनाथ का कहना है कि इसरो निश्चित तौर पर 2029 में अपने सबसे करीब आने वाले एस्टेरॉयड का अध्ययन करेगा। एपोफिस को पहली बार 2004 में खोजा गया था। इसकी पृथ्वी से करीबी को काफी बारीकी से ट्रैक किया गया है। 2029 में यह पृथ्वी के सबसे करीब आएगा और फिर 2036 में करीब आएगा। इस कारण पृथ्वी पर इसके प्रभाव को लेकर चिंताएं हैं। कुछ स्टडी से पता चलता है कि 2029 में यह पृथ्वी के करीब से निकल कर चला जाएगा। इसकी टक्कर की संभावना नहीं है। उल्कापिंड कितना करीब आएगा उसका अंदाजा आप इसी से लगा लीजिए कि पृथ्वी से इससे ज्यादा दूर भारत की जियोस्टेशनरी सैटेलाइट्स हैं। रिपोर्ट के मुताबिक पृथ्वी से 32000 किमी ऊपर इस आकार का कोई एस्टेरॉयड कभी भी हमारे ग्रह के इतने करीब नहीं आया है। इसके आकार की बात करें तो यह भारत के सबसे बड़े एयर क्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रमादित्य से भी बड़ा है। इसका अनुमानित व्यास 340 से 450 मीटर है। 140 मीटर के व्यास से ऊपर का कोई भी उल्कापिंड पृथ्वी के करीब से गुजरता है तो उसे खतरनाक माना जाता है। इसरो के हेड डॉ. एके एनिल कुमार ने कहा कि बड़ा उल्कापिंड तबाही ला सकता है। इसरो का आनुमान है कि 300 मीटर से बड़ा उल्कापिंड एक 'महाद्वीप में तबाही' ला सकता है। सबसे खराब स्थिति में अगर 10 किलोमीटर से ज्यादा बड़ा उल्कापिंड धरती से टकराता है तो यह पूरे ग्रह को खत्म कर सकता है।

# मणिपुर में राजभवन जा रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प

**प्रदर्शनकारियों ने रैफ पर लोहे के छर्रे दागे,3 जिलों में कर्फ्यू**

**राज्य में 6 दिन इंटरनेट बैन, डीजीपी को हटाने की उठी मांग**

इम्फाल (एजेंसी)। मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन भी छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए। 9 सितंबर को भी स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट्स दागी थीं। 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। 9 सितंबर की रात मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने इम्फाल ईस्ट और इम्फाल वेस्ट में कर्फ्यू लगा दिया है। राज्य में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया गया है। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू ने बताया- हमने डीजीपी, राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है।



### मैतेई बहुल कोत्रुक, मोइरांग में सन्नाटा

20 गांव निशाने पर थे इंफाल से 20 किमी दूर कोत्रुक गांव में कुछ परिवारों को छोड़ दें तो 500 लोग घर छोड़ चुके हैं। जो बचे हैं, वो कई रात से सोए नहीं, क्योंकि हर वक्त ड्रोन हमले का खतरा है। यहीं 1 सितंबर को ड्रोन बम हमले हुए थे। विष्णुपुर जिले के मैतेई हिस्से में आने वाले मोइरांग में रॉकेट हमला हुआ था। यह 80 फीसदी गांव खाली है। कोत्रुक के रहने वाले एन. मैक्रॉन सिंह ने बताया, ज्यादातर लोग रिश्तेदारों के घर चले गए हैं। उन्होंने दावा किया कि 1 सितंबर को उग्रवादी 20 गांवों पर बम गिराने वाले थे, लेकिन सुरक्षाबलों ने फायरिंग करके रोक दिया। सेना मोइरांग से कांगपोक्पी तक सर्च ऑपरेशन चल रही है। इसमें कई जगह हथियार जब्त किए गए हैं। इसमें हाई एंड असॉल्ट राइफल शामिल हैं।

### कांग्रेस ने संसद की 6 स्टैंडिंग कमेटियों की मांगी अध्यक्षता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी का अभी तक बंटवारा नहीं हुआ है। कुल 24 डिपार्टमेंटल पार्लियामेंट्री कमेटी (लोकसभा-राज्यसभा) हैं। इन कमेटी में सांसदों को उनकी पार्टी को मिली



सीटों के आधार पर शामिल किया जाता है। कांग्रेस ने इस बार 6 स्टैंडिंग कमेटी की अध्यक्षता की मांग की है। सरकार 4 देने को राजी है। इसमें डिफेंस और फाइनेंस कमेटी शामिल है। सरकार उन्हें विदेश मामलों की समिति की अध्यक्षता दे सकती है। इसके अलावा केंद्र सरकार डीएमके को एक कमेटी की अध्यक्षता दे सकती है।

# देश में आरक्षण खत्म करने का अभी सही समय नहीं



● अमेरिका में राहुल गांधी बोले- दलितों को 100 में 5 रुपए ही मिलते हैं

● मायावती ने राहुल के बयान का घेरा, बोलीं- ये आरक्षण छीनने की साजिश

**वर्जीनिया/वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार को आरक्षण पर बयान दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दरअसल, वाशिंगटन डीसी के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में राहुल से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा। इसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। इसके बाद भारत में मायावती ने उनके बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा, राहुल के नाटक से सतर्क रहें, वे आरक्षण को खत्म करने की साजिश में जुटे हैं। अमेरिका में दिए राहुल के एक और बयान पर विरोधियों ने उनकी निंदा की है।

### हरियाणा चुनाव के लिए आ गई बीजेपी की दूसरी लिस्ट

● 21 उम्मीदवारों का ऐलान, एक उम्मीदवार बदला, 2 मुस्लिम भी कैंडीडेट

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में बीजेपी ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में 21 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। इस लिस्ट में भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली के अलावा 2 मंत्रियों समेत 5 विधायकों की टिकट काटी है। एक सीट से उम्मीदवार बदल दिया है। पिछला चुनाव हारे 2 पूर्व मंत्रियों को फिर से टिकट दिया गया है। 2 मुस्लिम चेहरों को टिकट दी है। भाजपा ने पहली लिस्ट में 67 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। भाजपा अब तक 90 में से 87 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। अब महेंद्रगढ़, सिरसा और फरीदाबाद से उम्मीदवार की घोषणा बाकी है। भाजपा ने दूसरी लिस्ट में 2 महिलाओं को टिकट दी है। इसमें सोनीपत की राई सीट से प्रदेश अध्यक्ष मोहन बड़ौली की जगह कृष्णा गहलावत और गुरुग्राम की पटौदी (रिजर्व) सीट से बिमला चौधरी को टिकट दी है। भाजपा ने रेवाड़ी की बावल सीट से मंत्री बनवारी लाल की टिकट काट दी है। उनकी जगह स्वास्थ्य निदेशक के पद से इस्तीफा देने वाले कृष्ण कुमार को टिकट दी गई है।



# अमित शाह की तरह तेजस्वी ने भी किया 'दरवाजा बंद'

**नीतिश को लेकर दिया बड़ा बयान, कहा-अब नहीं होंगे एक साथ**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार की राजनीति में दरवाजा बंद का बड़ी भ्रामक तस्वीर उभर कर आने का इतिहास रहा है। दरवाजे बंद की शब्दावली ने धुर विरोधी के दरवाजे तक खोल दिए। इस बार फिर दरवाजा बंद का उपयोग तेजस्वी यादव ने क्या किया राजनीति में एक बार फिर उलट फेर की संभावनाओं को बल दे गया। सूचना आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मुलाकात के बाद उठे बवंडर को सीएम नीतिश कुमार ने खुद ही खारिज किया। लेकिन एक बार तेजस्वी यादव ने दरवाजा बंद की बात कह कर फिर इस बात को हवा दे दी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह कह कर राजनीतिक जगत में खलबली मचा दी कि नीतिश कुमार का तीन बार कल्याण कर दिया अब उनके लिए सभी दरवाजे बंद हैं।

### लेकिन दरवाजा क्या खिड़की झरोखा सब खुल गया

2024 लोकसभा का जब काउंटडाउन शुरू हुआ और चुनावी बाजी बिछाने का अंतिम समय आया तो जदयू भाजपा के बीच के सभी दरवाजे खुल गए। पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राज्य के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के सारे गीले शिकवे दूर होते दिखे। बात यहीं तक नहीं ठहरी। भाजपा की तुलना में कम विधायक की संख्या रखने के बावजूद भाजपा ने 16 लोकसभा सीट नीतिश कुमार के नाम की। वहीं जब नीतिश कुमार जब महागठबंधन में थे तो कहा जाता है कि नीतिश कुमार की नाराजगी की वजह यह थी कि राजद सुप्रीमो लालू यादव ने विधायकों की संख्या बल पर टिकट बांटने का फॉर्मूला तय किया। इस लिहाजन नीतिश के हिस्से में 8 से 10 सीट मिलना तय हुआ।

### रूस पर यूक्रेन का अब तक का सबसे भीषण हमला

● मॉस्को समेत 10 शहरों पर एक साथ अटैक, 3 एयरपोर्ट बंद, 30 उड़ानें रद्द



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले ढाई साल से चल रहे रूस के खिलाफ जंग में यूक्रेन ने बीती रात मॉस्को पर भीषणतम हमला किया है। यूक्रेन ने 140 से अधिक ड्रोन जागकर रात भर रूस की राजधानी मॉस्को सहित कई क्षेत्रों को निशाना बनाया है। रूसी अधिकारियों ने मंगलवार को यूक्रेनी हमले की पुष्टि की है। मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोब्योव ने बताया कि मॉस्को के पास रामेंस्कोए शहर में ड्रोन ने दो बहु-मंजिला आवासीय इमारतों को निशाना बनाया जिससे उनमें आग लग गई। उन्होंने बताया इस हमले में एक महिला की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए।

# वन विभाग के खिलाड़ियों की खेल सुविधा विस्तार के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे-वन मंत्री श्री रावत

भोपाल। वन मंत्री श्री रामनिवास रावत ने कहा कि वन विभाग के खिलाड़ियों की खेल सुविधा में विस्तार के लिये आवश्यक कदम उठाये जायेंगे। जीवन में स्वस्थ रहने के लिये खेल बहुत आवश्यक है। वन विभाग के अमले को स्मार्ट रहना बहुत जरूरी है, जिससे कि वह वनों की सुरक्षा अच्छे से कर सकें। खेल भावना से प्रेरित होकर कार्य करने से कार्य-क्षमता में वृद्धि होती है, जिससे हम वनों के संरक्षण और पर्यावरण को बनाये रखने के लिये अपनी भूमिका का निर्वाह अच्छे से कर पायें। वन मंत्री श्री रावत आज तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में आयोजित 27वीं राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता-2024 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। वन मंत्री श्री रावत ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जो प्रतिभागी प्रतियोगिता में सफल नहीं हो पाये हैं, उन्हें भी मैं उनके प्रयास के लिये धन्यवाद देता हूँ और आगे वे भी अपनी लगन को बनाये रखें।

उन्हें भविष्य में जरूर सफलता प्राप्त होगी। वन मंत्री श्री रावत ने कहा कि वन विभाग के फील्ड के अमलों को सप्ताह में एक बार खेल प्रतियोगिएँ आयोजित की जानी चाहिये। मंत्री श्री रावत ने समापन कार्यक्रम में राज्य स्तरीय वन खेल प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को शील्ड एवं मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने विजेता प्रतिभागियों से कहा कि आगे भी भविष्य में वन विभाग की



प्रतियोगिता में नियमित रूप से भाग लें।

उन्होंने कहाकि मैं राज्य स्तरीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में उपस्थित होकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने कहा कि रायपुर, छत्तीसगढ़ में 27वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री असीम श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देकर सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया और मुख्य अतिथि के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में अखिल भारतीय वन सेवा, राज्य स्तरीय वन सेवा और वन विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया।

## व्यवसायिक पाठ्यक्रम संस्थानों में प्रवेश दिलाने के लिये सुपर-100 योजना

भोपाल। प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 70 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित व्यवसायिक पाठयक्रम संस्थानों में प्रवेश दिलाने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सुपर-100 योजना चलाई जा रही है। इस योजना के माध्यम से पिछले वर्ष 600 विद्यार्थियों को निशुल्क प्रशिक्षण दिलाया गया। प्रशिक्षण देने की व्यवस्था इंदौर में शासकीय मल्हाराश्रम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदौर और शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में की गई है। इंदौर में कक्षा 11वीं में गणित संकाय में 51, जीवन विज्ञान संकाय में 51, क्लेट संकाय में 50 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिलाया गया। इसी विद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित संकाय में 48, जीव विज्ञान संकाय में 49, क्लेट में 47 इस प्रकार 296 विद्यार्थियों को प्रवेश हेतु कोचिंग दिलाई गई। शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में कक्षा 11वीं में गणित संकाय 51, जीव विज्ञान संकाय में 51 और क्लेट में 50 विद्यार्थियों को कोचिंग दिलाई गई। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में गणित संकाय 51, जीव विज्ञान संकाय में 51 एवं क्लेट संकाय में 50 इस प्रकार 304 विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग दिलाई गई। पिछले वर्ष जेईई मेन्स में 27, जेईई एडवांस में 5, नीट में 38 तथा सीए फाउंडेशन में 22 विद्यार्थी इस प्रकार 92 विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए।

## किसानों के पंजीयन में समस्याओं के समाधान के लिए गठित होंगी समिति

भोपाल। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, एवं बाजरा उपार्जित करने के लिए किसानों को पंजीयन में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर त्वरित समाधान किया जायेगा। इसके लिए विभिन्न स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। किसानों का पंजीयन 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक होगा। मंत्री श्री राजपूत ने कहा है कि पंजीयन में किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंत्री श्री राजपूत ने बताया है कि तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तर पर जिला सूचना अधिकारी एनआईसी के नेतृत्व में टीम गठित की जायेगी। एक समिति राज्य स्तर पर भी गठित होगी। राज्य एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम भी बनाये जायेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों के पंजीयन में आने वाली किसी भी समस्या का समाधान समय-सीमा में किया जाये।

## अब खुद के पक्के घर में रहती हैं दिलासिया बाई

भोपाल। दिन बीते, साल बीते। कई मौसम आये और चले गये। कच्चे घर की जो कठिनाईयां थीं, वो बनी रहीं। पर एक दिन किस्मत रंग लाई। कच्चा घर अब पक्के और सुन्दर घर में बदल गया। ये सच्ची कहानी अनूपपुर जिले की है। यहाँ की बेनीबेहरा ग्राम पंचायत में रहने वाली श्रीमती दिलासिया बाई बैगा के लिये पीएम जन-मन की आवास योजना वरदान लेकर आई। योजना में पात्र होने पर दिलासिया बाई को पक्का घर मंजूर हो गया। चार महीने में पक्का घर बनकर तैयार भी हो गया। अब दिलासिया बाई अपने परिवार के साथ इसी पक्के घर में खुशी-खुशी रहती हैं। दिलासिया बाई बताती हैं कच्चे घर में कई तरह की दिक्कतें थीं। बारिश और ठंड में तो जीना मुश्किल हो जाता था। आंधी-तूफान में घर गिरने का डर भी बना रहता था। पर अब इन सारी परेशानियों से हमें हमेशा के लिये निजात मिल गई है। उन्हें पक्के घर की सौगात देने के लिये दिलासिया बाई सरकार का आभार जताती हैं।

## जल्द शुरू होंगी नौवीं से 12वीं की तिमाही परीक्षाएं, दो पैटर्न पर तैयार होंगे प्रश्नपत्र

भोपाल। प्रदेश के सरकारी स्कूलों की नौवीं से 12वीं कक्षा की तिमाही परीक्षा के लिए इस बार प्रश्न पत्र लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) तैयार नहीं करेगा। इन्हें विकासखंड स्तर पर तैयार कराया जाएगा। इसके लिए विषय विशेषज्ञों का चयन भी विकासखंड स्तर पर ही किया जाएगा। मुख्य विषयों के प्रश्नपत्र के चार-चार सेट तैयार होंगे। इनमें दो कठिन और दो सरल प्रश्नपत्र होंगे। सीएम राइज स्कूल और उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्यों की लागइन पर प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। ये अपने विकासखंड के बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले स्कूलों को कठिन अवधारणाओं वाले और अन्य स्कूलों को सरल प्रश्नपत्र वितरित करेंगे। प्राचार्यों को सभी विषयों के प्रश्नपत्रों की एक कॉपी दी जाएगी। वे विद्यार्थियों की संख्या के मान से फोटोकॉपी कराकर इन्हें वितरित कराएंगे। बता दें कि नौवीं व दसवीं की परीक्षा 18 से 27 सितंबर तक पहली पाली में सुबह नौ से बारह बजे तक होगी। वहीं 11वीं व 12वीं की परीक्षा 18 से 28 सितंबर तक दूसरी पाली में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कराई जाएगी। प्राचार्य विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से प्रश्नपत्रों की फोटोकापी कराएंगे।

## जल्द शुरू होगा छोला फ्लाईओवर का निर्माण

भोपाल। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा में भोपाल के प्राचीनतम श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के विस्तृत स्वरूप श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर अंतर्गत छोला फ्लाईओवर के निर्माण के सम्बंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि फ्लाईओवर निर्माण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र ही काम प्रारंभ किया जाये। यह फ्लाईओवर गणेश मंदिर छोला रोड से खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाद और निशातपुरा स्टेशन के पहले तक बनेगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह पहला फ्लाईओवर होगा जो दो रेलवे



लाइन को क्रॉस करते हुए जायेगा। अभी विदिशा, भानपुर चौराहा और खेड़ापति हनुमान मंदिर जाने वालों को दो-दो अंडरब्रिज से जाना पड़ता है। बड़े वाहन इन अंडरब्रिज से निकल नहीं पाते हैं इसलिए उन्हें घूमकर जाना पड़ता है। फ्लाईओवर के बन जाने के बाद भोपाल स्टेशन से छोला व आसपास के क्षेत्र में आने जाने वाले लाखों यात्रियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इसके निर्माण से छोला अंडर ब्रिज पर जाम की स्थिति समाप्त होगी। साथ ही पुराने शहर से नए शहर की ओर आवागमन के लिये यात्रा सुलभ होगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के ऊपर से यह विशाल फ्लाईओवर गुजरेगा। इस फ्लाईओवर की खास बात यह है कि यह आर्च नुमा रूप में होगा।

## रंगीन रोटी से मिल रहा आँगनवाड़ी के बच्चों को भरपूर पोषण

भोपाल। प्रायः यह देखा गया है कि छोटे बच्चों को सादी रोटी खिलाने के लिये काफी मशक्कत करनी पड़ती है लेकिन यही रोटी अगर रंग-बिरंगी हो जाये, तो बच्चों की रूचि बढ़ जाती है। पोषण-युक्त आहार से बच्चों की सेहत में भी सुधार आता है। बच्चों को पोषण-युक्त आहार देने के उद्देश्य से सागर जिले में एक अभिनव पहल की गई है।

कलेक्टर श्री संदीप जी.आर. ने रंगीन रोटी% कैम्पेन शुरू किया है, जिसमें आँगनवाड़ी केन्द्रों पर दिये जा रहे भोजन को और पोषण-युक्त बनाने के लिये बच्चों को मुनगे के पत्ते, गाजर, चुकन्दर, टमाटर आदि का उपयोग कर



रंगीन रोटियाँ तैयार की जा रही हैं। जिले में रंगीन रोटी कैम्पेन एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में शुरू किया गया, जिसका उद्देश्य आँगनवाड़ी के बच्चों को पोषण से भरपूर भोजन उपलब्ध कराना है। यह अभियान न केवल बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने पर केन्द्रित है, बल्कि उन्हें भोजन के प्रति आकर्षित करना और रंग-बिरंगे तरीकों से उन्हें स्वस्थ भोजन का महत्व समझाना भी है।

## शिवराज बोले-मप्र सरकार जैसे डिमांड करेगी,हम वैसे खरीदी कराएंगे

भोपाल। मप्र में सोयाबीन के दाम 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल किए जाने की मांग को लेकर किसान आंदोलित हैं। कांग्रेस सोयाबीन किसानों की मांग को लेकर जिलों में किसान सम्मेलन कर रही है। अलग-अलग किसान संगठन इस मांग को लेकर जिलों से लेकर गांवों तक प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों के आंदोलन के बीच केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में कहा कि मध्य प्रदेश सरकार जैसी डिमांड करेगी वैसे केन्द्र सरकार सोयाबीन की खरीदी कराएगी। भोपाल में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोयाबीन को लेकर कहा नरेंद्र मोदी किसान



हितैषी प्रधानमंत्री हैं। सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4 हजार 994 रुपए प्रति क्विंटल तय है और हमारी प्रतिबद्धता है कि हम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों का सोयाबीन खरीदेंगे। किसानों को उसके पसीने की पूरी कीमत देना यह मोदी सरकार की भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार की प्रतिबद्धता है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा- सोयाबीन खरीदी के लिए योजना है महाराष्ट्र कर्नाटक जैसे तीन राज्यों ने सोयाबीन खरीदी की मांग की थी और उनको क्स्स योजना के तहत सोयाबीन खरीदी की अनुमति दी गई है। शिवराज सिंह चौहान के बयान पर मप्र के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पलटवार करते हुए कहा- शिवराज जी के कहने और करने में फर्क है। क्या शिवराज जी का गृह राज्य मप्र नहीं हैं। जब आप दूसरे राज्यों में सोयाबीन की खरीदी करा सकते हैं तो आपको सबसे पहले मप्र से शुरु करानी चाहिए थी। उमंग सिंघार ने कहा- क्या मुख्यमंत्री कांग्रेस का है? आपके मुख्यमंत्री है। तो आप ऐसा जवाब दे रहे हैं कि हमें मप्र के मुख्यमंत्री जब कहेंगे तब करेंगे। क्या आपका अधिकार नहीं हैं।

## स्कूल, आंगनवाड़ी से लेकर मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी पर हो रहा काम


भोपाल। केन्द्र सरकार ने मप्र इस वित्तीय वर्ष यानि 2024-25 में मप्र के 47 आदिवासी बहुल जिलों के 7307 गांवों को प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) से मॉडल विलेज बनाना जाएगा। जनजातीय वर्ग के सामाजिक व आर्थिक हितों की रक्षा करने और इन बसाहटों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिये भारत सरकार द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) से विकास के काम कराए जा रहे हैं। इस योजना में मध्यप्रदेश के 47 जिलों के जनजातीय बहुल 7 हजार 307 गांव चुने गये हैं। योजना के तहत पांच सालों में इन चयनित गांवों में विभिन्न क्षेणी के विकासमूलक कार्य कराये जाएंगे। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष (2021-22 एवं 2022-23) में बड़वानी, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, दमोह, गुना, खण्डवा, नरसिंहपुर, राजगढ़, सिंगरौली, विदिशा, रीवा, झाबुआ, धार एवं श्योपुर कुल 15 जिलों के 2 हजार 523 गांवों में 133 करोड़ 14 लाख 62 हजार रूपये की लागत से बुनियादी सुविधाओं के विस्तार कराने के साथ-साथ शैक्षणिक एवं कौशल उन्नयन से जुड़े 6 हजार 50 कार्य कराये गये हैं। अनूपपुर, मुरैना, सतना, सीधी, देवास, बैतुल, श्योपुर, सीधी, मंडला, उमरिया, नीमच, रतलाम, अलीराजपुर, मंदसौर एवं खरगोन कुल 15 जिलों के 1 हजार 675 गांवों में 4 हजार 27 विकास कार्यों के लिये 302 करोड़ 53 लाख 58 हजार रुपये की भेजी गई कार्ययोजना को वित्त वर्ष 2024-25 में केन्द्र सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब कार्ययोजना के अनुसार यहां स्वीकृत निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं।

## प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना से प्रदेश के जनजातीय गाँवों में हो रहा विकास

भोपाल। जनजातीय वर्ग के सामाजिक व आर्थिक हितों की रक्षा एवं इनकी बसाहटों के समग्र विकास के लिये भारत सरकार द्वारा विशेष केन्द्रीय सहायता के अंतर्गत प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) संचालित की जा रही है। इस योजना में मध्यप्रदेश के 47 जिलों के जनजातीय बहुल 7 हजार 307 गांव चुने गये हैं। योजना के तहत पाँच सालों में इन चयनित गांवों में विभिन्न क्षेणी के विकासमूलक कार्य कराये जाएंगे। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में बड़वानी, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, दमोह, गुना, खण्डवा, नरसिंहपुर, राजगढ़, सिंगरौली, विदिशा, रीवा, झाबुआ, धार एवं श्योपुर कुल 15 जिलों के 2 हजार 523 गांवों में 133 करोड़ 14 लाख 62 हजार रूपये की लागत से बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ शैक्षणिक एवं कौशल उन्नयन से जुड़े 6 हजार 50 कार्य कराये गये हैं। अनूपपुर, मुरैना, सतना, सीधी, देवास, बैतुल, श्योपुर, सीधी, मंडला, उमरिया, नीमच, रतलाम, अलीराजपुर, मंदसौर एवं खरगोन कुल 15 जिलों के 1 हजार 675 गांवों में 4 हजार 27 विकास कार्यों के लिये 302 करोड़ 53 लाख 58 हजार रुपये की भेजी गई कार्ययोजना को वित्त वर्ष 2024-25 में भारत सरकार से मंजूरी मिल गई है। अब कार्ययोजना के अनुसार यहाँ स्वीकृत निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना में चयनित धार जिले में प्रदेश में सर्वाधिक 689 गांवों में वर्तमान में 1 हजार 634 से अधिक निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। भारत सरकार से इन कामों के लिये 136 करोड़ 35 लाख 12 हजार रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर राशि में से 12 करोड़ 50 लाख 78 हजार रूपये की विकास राशि अबतक व्यय की जा चुकी है। भारत सरकार द्वारा मंजूर विकास राशि से इन 689 गांवों में आंगनवाड़ी भवनों, शासकीय उचित मूल्य की दुकानों, स्कूलों/छात्रावासों/आश्रम शालाओं में अतिरिक्त कक्षों, शौचालय, किचन शेड, भोजन कक्ष, विद्युतीकरण, पेयजल सुविधाओं का विस्तार, फर्नीचर, रंगाई-पुताई कार्य, उप स्वास्थ्य केन्द्रों/जन आरोग्य केन्द्रों में अतिरिक्त कक्षों, बाउंड्रीवाल निर्माण, सार्वजनिक शौचालय, पानी निकासी के लिये ड्रेनेज निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं। इसी प्रकार इन गाँवों में पेयजल सुविधाओं की बेहतरी के लिये पाइपलाइन विस्तार, पानी की टंकी निर्माण, जनजातीय बसाहटों में विद्युतीकरण एवं लाइन विस्तार के कार्य, आजीविका मिशन के तहत आजीविका भवनों व सामुदायिक भवनों का निर्माण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के लिये स्टॉपडेम/ चेकडेम निर्माण तथा अधोसंरचनात्मक विकास के लिये गांवों और शासकीय संस्थाओं तक आंतरिक पहुंच मार्ग व पुल-पुलिया (कल्वर्ट) निर्माण कार्य भी कराये जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना को 5 वित्त वर्षों (2021-22 से 2025-26) में क्रियान्वित किया जाना है।

## एम्स में दंपती ने दान किए रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड, नवजात शिशुओं का तापमान होगा नियंत्रित

भोपाल। राजधानी में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में लगभग 1.5 लाख रुपये कीमत के दो रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड डोनेट किए गए हैं। यह दान जयदीप पुंगलिया और अम्रता जैन ने किया है। दानकर्ता जयदीप पुंगलिया ने बताया कि दो वर्ष पहले हमारे बच्चे का जन्म नरसिंहपुर में हुआ था, तब उसे कुछ समस्याएं आई थीं और वहां भी वार्मर बेड की जरूरत महसूस हुई थी, लेकिन तब वह उपलब्ध नहीं था, इसलिए हमने निर्णय लिया कि एम्स भोपाल में यह बेड दान करेंगे, ताकि दूसरे बच्चों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। विभाग के प्रमुख डा.



योगेश निवरिया ने बताया कि रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं के लिए महत्वपूर्ण है। इसमें सर्जरी के बाद देखभाल की जा सकेगी। एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. डा. अजय सिंह ने कहा कि ये रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस दौरान प्रो. (डॉ.) अजय सिंह सिंह ने वार्ड में भर्ती बच्चों को खिलौने वितरित किए। इससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। दरअसल, रेडिएंट इन्फेंट वार्मर बेड नवजात शिशुओं के लिए एक आवश्यक चिकित्सा उपकरण है, जो विशेष रूप से तब उपयोगी होता है, जब शिशु के तापमान को नियंत्रित करना होता है। यह बेड नवजात शिशुओं के शरीर के तापमान को स्थिर बनाए रखने में मदद करता है। विशेष रूप से उन शिशुओं के लिए उपयोगी हैं, जो जन्म के समय कमजोर होते हैं। समय से पहले जन्मे बच्चे या जिन्हें ऑपरेशन के बाद देखभाल की आवश्यकता होती है, उनके लिए ये बेड काफी कारगर हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 17 को चाकघाट आगमन प्रस्तावित

## कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 17 सितंबर को त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के चाकघाट आगमन प्रस्तावित है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी परिसर चाकघाट का निरीक्षण कर अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने आयोजन स्थल में हेलीपैड निर्माण के साथ ही मंच निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्षा की संभावना को देखते हुए मंच एवं आमजनता के लिए बनाये जाने वाले डोम को वाटरप्रूफ रखें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वच्छता मित्रों के लिए अलग से टेन्ट लगाने तथा स्वच्छता मित्रों के लिए आयोजित स्वास्थ्य शिविर में व्यवस्थायें सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मुख्य प्रवेश द्वार से आमजनों के प्रवेश सहित पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्थायें कराने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, एसडीएम त्योंथर संजय जैन, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी मनोज द्विवेदी, सीईओ जनपद राहुल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## लक्ष्य पर केन्द्रित रहें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं





### सहायक कलेक्टर ने प्रतियोगी परीक्षा के विद्यार्थियों से किया संवाद

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** आनंद विभाग द्वारा कौटिल्य एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी प्रपंज आर ने प्रतियोगी परीक्षाओं के विद्यार्थियों से संवाद किया। सहायक कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी अपने लक्ष्य पर केन्द्रित रहे तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाए। हमें अपने जीवन में ऐसे कार्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए जो स्वयं को और दूसरों को आनंदित कर सकें। प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न की जानकारी लेकर उसके अनुरूप टाइम टेबल बनाएं। अपने लक्ष्य को पाने के लिए लगातार और दृढ़ संकल्प के साथ तैयारी करें। मन में किसी भी तरह का तनाव और निराशा को स्थान न बनाने दें।

सहायक कलेक्टर ने कहा कि हर विद्यार्थी को सलाह देने वाले बहुत से लोग होते हैं। हमें अपनी प्रतिभा, लगन और परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। केवल अनुभवी व्यक्तियों की ही सलाह लें। किसी भी विषय में निर्णय अपने विवेक से करें। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को बेहतर करने के लिए समूह चर्चा में भाग लें। आधुनिक सूचना संचार तकनीक का भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में पूरा उपयोग करें। लगातार अभ्यास और विषय के रिवीजन से अच्छी तैयारी होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता मिलने पर घबराएं नहीं। अधिक दृढ़ संकल्प के साथ अगली परीक्षा की तैयारी करें।

सहायक कलेक्टर ने विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में पूछे गए प्रश्नों का रोचक तरीके से उत्तर दिया। कार्यक्रम में आनंद विभाग के नोडल अधिकारी तथा संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद प्रवीण पाठक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा 10 सितम्बर को आत्महत्या निषेध दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस संवाद के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं का मार्गदर्शन करना तथा उन्हें प्रेरित करना है। कार्यक्रम में डॉ मुकेश येंगल ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में कौटिल्य एकेडमी के संचालक दिगांचल सिंह, जन अभियान परिषद के विकासखण्ड समन्वयक अमित अवस्थी, अजय चतुर्वेदी, सुषमा शुक्ला तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विंध्य क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर होगा रीवा एयरपोर्ट

### रीवा एयरपोर्ट को मिला डीजीसीए से संचालन लाइसेंस

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा है कि विंध्य क्षेत्र के नागरिकों के लिए हवाई यात्रा का सपना जल्द ही साकार होने जा रहा है। रीवा एयरपोर्ट को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा संचालन लाइसेंस प्रदान किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विंध्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रीवा एयरपोर्ट को आधिकारिक रूप से यात्री और मालवाहक विमानों की उड़ानों के संचालन की अनुमति प्राप्त हो गयी है। विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी -उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस लाइसेंस के साथ, रीवा एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवाओं की शुरुआत होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का संचालन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने विंध्य क्षेत्र और पूरे मध्यप्रदेश के नागरिकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार माना है।

### उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री का जताया आभार



मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट को डीजीसीए लाइसेंस प्राप्ति पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई दी और आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में सतना के प्रभारी मंत्री एवं नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजवर्गीय तथा रीवा के प्रभारी मंत्री और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के साथ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर आभार व्यक्त किया। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि रीवा एयरपोर्ट विंध्य क्षेत्र की कनेक्टिविटी में सुधार करेगा, साथ ही मध्यप्रदेश के आर्थिक विस्तार और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस लाइसेंस के साथ, रीवा एयरपोर्ट से जल्द ही हवाई सेवाओं की शुरुआत होगी, जिससे स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि रीवा एयरपोर्ट का संचालन क्षेत्र के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रगति को भी एक नई दिशा मिलेगी।

# संत रविदास स्वरोजगार योजना से अनुसूचित जाति के 150 युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** अनुसूचित कल्याण विभाग जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की गई हैं। विभाग द्वारा संचालित संत रविदास स्वरोजगार योजना से जिले के अनुसूचित जाति के 150 युवाओं को स्वरोजगार का अवसर दिया जाएगा। इस संबंध में अन्त्यावसायी सहकारी समिति के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एमपी पाठक ने बताया कि योजना के तहत एक लाख रुपए से 50 लाख रुपए तक ऋण एवं अनुदान स्वरोजगार उद्यम की स्थापना के लिए दिया जाता है। इस योजना से खाद्य प्रसंस्करण कोल्ड स्टोरेज मिल्क प्रोसेसिंग, कृषि आधारित उद्योग स्थापित किए जा सकते हैं। सेवा के क्षेत्र में फुटकर व्यवसाय जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय तथा अन्य दुकानों के लिए एक लाख से 25 लाख रुपए तक की राशि का प्रावधान है।

पाठक ने बताया कि अनुसूचित जाति के 18 से 45 आयु वर्ग के व्यक्ति योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास निर्धारित की गई है। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपए से अधिक न हो। आवेदन पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा समग्र आईडी प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। योजना का क्रियान्वयन बैंक के माध्यम से किया जा रहा है। हितग्राही को बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी और टर्म लोन पर सात वर्षों तक प्रतिवर्ष पाँच प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। इस योजना के लिए जनपद पंचायत रीवा में 20, रायपुर कर्चुलियान में 15, सिरमौर में 20, त्योंथर में 15, जवा में 15, गंगेव में 15, मऊगंज में 20, नईगढ़ी में 15 और हनुमना में 15 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 को, 48 खण्डपीठों में होगी प्रकरणों की सुनवाई




**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें आपसी सुलह से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। प्रकरणों की सुनवाई के लिए 48 खण्डपीठें गठित की गयी हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी तथा सहयोग देने के लिए सुलहकर्ता सदस्य तैनात किये गये हैं। जिला न्यायालय परिसर रीवा के साथ-साथ तहसील न्यायालय सिरमौर, त्योंथर, मऊगंज एवं हनुमना में भी लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायालय में 24 खण्डपीठ, तहसील विधिक सेवा समिति मऊगंज में 6 खण्डपीठ, सिरमौर में 6 खण्डपीठ, त्योंथर में 6 खण्डपीठ एवं तहसील विधिक सेवा समिति हनुमना में 2 खण्डपीठ गठित की गयी हैं। इसके अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, औद्योगिक न्यायालय एवं श्रम न्यायालय की खण्डपीठों द्वारा भी आपसी सुलह समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत के दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति (क्लेम), 138 चेक बाउंस, विद्युत, श्रम, भू-अर्जन, नगर पालिका निगम, प्री लिटिगेशन प्रकरण निराकरण के लिए रखे जायेगें।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के लिए खण्ड पीठ क्रमांक एक में द्वितीय जिला न्यायाधीश विक्रम सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 2 में जिला न्यायाधीश तृत्तीय जिला न्यायाधीश रमेश रंजन चौबे, खण्डपीठ क्रमांक 3 में जिला न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह पाल, खण्डपीठ क्रमांक 4 में जिला न्यायाधीश केशव सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 5 में जिला न्यायाधीश आनंद गौतम तथा खण्डपीठ क्रमांक 6 में जिला न्यायाधीश प्रवीण पटेल को तैनात किया गया है। इसी तरह खण्डपीठ क्रमांक 7 में जिला न्यायाधीश पदमा जाटव, खण्डपीठ क्रमांक 8 जिला न्यायाधीश दिलीप सिंह, खण्डपीठ क्रमांक 9 में जिला न्यायाधीश संदीप वास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 10 में जिला न्यायाधीश शशांक खरे, खण्डपीठ क्रमांक 11 में जिला न्यायाधीश संतोष कुमार तिवारी, खण्डपीठ क्रमांक 12 में जिला न्यायाधीश धर्मेन्द्र सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 13 में जिला न्यायाधीश प्रीतिशिखा अग्निहोत्री, खण्डपीठ क्रमांक 14 में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपसिंह कनेल तथा खण्डपीठ 15 में वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश देवदत्त प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

इसी प्रकार खण्डपीठ 16 में न्यायाधीश अक्षत तयाल, खण्डपीठ 17 में न्यायाधीश पन्ना नागेश, खण्डपीठ 18 में न्यायाधीश ललित कुमार मईड़ा, खण्डपीठ 19 में न्यायाधीश सु अंजली अग्रवाल, खण्डपीठ 20 में न्यायाधीश अमित सिंह धुर्वे, खण्डपीठ 21 में सु अदिति अग्रवाल, खण्डपीठ 22 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सु स्वाती रघुवंशी, खण्डपीठ क्रमांक 23 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश दिलीप महोर, खण्डपीठ 24 में कनिष्ठ खण्ड न्यायाधीश सु सृष्टि चौरसिया सुनवाई करेंगी। जबकि प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय शिवकान्त खण्डपीठ क्रमांक 25 में, अध्यक्ष जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम सुदीप कुमार वास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 26 में, न्यायाधीश औद्योगिक न्यायालय के.के. मिश्रा खण्डपीठ क्रमांक 27 में, न्यायाधीश श्रम न्यायालय अमित नगायच खण्डपीठ क्रमांक 28 में प्रकरणों की सुनवाई करेंगे।

प्रथम जिला न्यायाधीश मऊगंज संजीव कटारे खण्डपीठ क्रमांक 29 में, द्वितीय जिला न्यायाधीश मऊगंज हीरालाल अलावा खण्डपीठ क्रमांक 30 में, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मऊगंज साजिद मोहम्मद खण्डपीठ क्रमांक 31 में, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज गीता उईके खण्डपीठ क्रमांक 32 में, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मऊगंज सु ओसी जैन खण्डपीठ क्रमांक 34 में, खण्डपीठ क्रमांक 35 में जिला न्यायाधीश सिरमौर संतोष चौहान, खण्डपीठ क्रमांक 36 में जिला न्यायाधीश सिरमौर अतिरिक्त संजय वर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 37 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर नेहा रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 38 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर डॉ. अल्तमश रहमान, खण्डपीठ क्रमांक 39 में न्यायिक मजिस्ट्रेट वरिष्ठ खण्ड सिरमौर भारती केशरी कश्यप, खण्डपीठ क्रमांक 40 में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड सिरमौर अमित कुमार शर्मा, खण्डपीठ क्रमांक 41 में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश त्योंथर दयाराम कुमरे, खण्डपीठ क्रमांक 42 में अतिरिक्त जिला एवं अपर सत्र त्योंथर कमलेश मीणा, खण्डपीठ क्रमांक 43 में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर सु वंदना सोनी, खण्डपीठ क्रमांक 44 मे व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर नीघू वास्तव, खण्डपीठ क्रमांक 45 में प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर मोहनी भदौरिया, खण्डपीठ क्रमांक 46 में व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड त्योंथर आशुतोष प्रताप सिंह, विनोद कुमार चौधरी न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना खण्डपीठ क्रमांक 47 में तथा न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड हनुमना कीर्ति दुबे खण्डपीठ क्रमांक 48 में प्रकरणों की सुनवाई करेंगी।

## प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में आवेदन 30 सितंबर तक किये जा सकते हैं

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत आवेदन करने की तिथि 30 सितंबर निर्धारित की गयी है। इससे पूर्व इस योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अगस्त निर्धारित थी। उप कल्याण आयुक्त श्रम कल्याण संगठन ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए शिक्षा हेतु वित्तीय सहायता योजना के तहत बीड़ी एवं खदान श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में अध्ययनरत श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थान में संपर्क कर नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन किये जा सकते हैं।

## अनियमितता करने वालों से होगी वसूली

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संचालनालय लोक शिक्षण द्वारा रीवा जिले के विभिन्न स्कूलों की ऑडिट की गई थी। ऑडिट प्रतिवेदन के अनुसार कई स्कूलों में गंभीर वित्तीय अनियमितता पाई गई। संबंधित प्रभारी प्राचार्यों द्वारा शासन के नियमों के विरूद्ध व्यय की गई राशि की वसूली की जाएगी। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामा लाल गुप्ता ने बताया कि वित्तीय अनियमितता करके व्यय की गई राशि वसूल करके कोषालय में जमा की जाएगी। विकासखण्ड जवा के शासकीय मॉडल उमावि के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार द्विवेदी से 17 लाख 28 हजार 606 रुपए की वसूली की जाएगी। द्विवेदी वर्तमान में शासकीय हाईस्कूल जवा के प्राचार्य हैं। विकासखण्ड गंगेव के शासकीय हाईस्कूल कठेरी के तत्कालीन प्राचार्य लाल साकेत से 37924 रुपए तथा त्योंथर विकासखण्ड के शासकीय हाईस्कूल टंगहा के प्रभारी प्राचार्य मिठाईलाल से 9938 रुपए की वूसली की जाएगी। इसी विकासखण्ड में शासकीय हाईस्कूल अमिलिया पुर्वा के तत्कालीन प्राचार्य दिनकर प्रसाद पाण्डेय से एक लाख 97 हजार 141 रुपए की वसूली की जाएगी। संबंधित अधिकारी वसूली योग्य राशि तत्काल शासकीय कोष में जमा कराएं।

## हैण्डपंप सुधार के लिए कर्मचारी तैनात

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** बिगड़े हैण्डपंपों में सुधार के लिए रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में सेक्टरवार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस संबंध में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि उलही कला रघुराजगढ़ में जेके पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9424354391, गुढ़ में राधिका तिवारी मोबाइल नम्बर 6263552665 तथा नर्रहा रघुराजगढ़ दिलीप शुक्ला मोबाइल नम्बर 9399830799 को तैनात किया गया है। इसी तरह बक्छेरा, गगहरा तथा मनकहरी क्षेत्र के लिए अर्पित द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7697885502, इटौरा और सोनौरा क्षेत्र के लिए उग्रसेन पटेल मोबाइल नम्बर 9893759001 तथा पड़रा, लोहदवार क्षेत्र के लिए अशोक शर्मा 9302969562 को तैनात किया गया है। रायपुर कर्चुलियान में कार्यालय में यदुनाथ बौद्ध मोबाइल नम्बर 9229498445 तथा बरसैता क्षेत्र में वंशवर्धन पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9098655026 को तैनात किया गया है। तैनात कर्मचारियों को दिए गए मोबाइल नम्बर पर बिगड़े हैण्डपंप की सूचना देकर हैण्डपंपों का सुधार कराया जा सकता है। आमजनता निर्धारित क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों को हैण्डपंपों के सुधार की सूचना दें तथा हैण्डपंपों का सुधार कराएं।

## रंग नाट्य समारोह आज से

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नाटक मनोरंजन की परंपरागत और प्राचीन कला है। नाट्य कला के विविध आयाम हैं। रीवा में रंगकर्म को प्रोत्साहित करने के लिए मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से पाँच दिवसीय रंग प्रयोग नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। रंग समारोह कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में 11 से 15 सितम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अवधि में प्रतिदिन शाम 7 बजे से विभिन्न नाटकों का कुशल कलाकारों और निर्देशकों द्वारा मंचन किया जाएगा। रंग प्रयोग नाट्य समारोह का शुभारंभ 11 सितम्बर को होगा। इस दिन दिल्ली के अजय कुमार के निर्देशन में नाटक रिजक की मर्यादा का मंचन किया जाएगा। समारोह के दूसरे दिन 12 सितम्बर को पुणे के प्रसिद्ध नाट्य निदेशक विद्यानिधि वनारसे के निर्देशन में नाटक सुहाने अफसाने का मंचन किया जाएगा। तीसरे दिन 13 सितम्बर को मुम्बई के रंग कला निदेशक रंजीत कुमार के निर्देशन में नाटक रान्ग टर्न का मंचन होगा। समारोह में चौथे दिन 14 सितम्बर को टीकम जोशी के निर्देशन में पुनश्च कृष्ण नाट्य प्रस्तुति मंचित होगी। समारोह के अंतिम दिन 15 सितम्बर को टीकम जोशी के ही निर्देशन में आदि विक्रमादित्य नाटक का मंचन किया जाएगा। इन नाटकों में कई लब्ध प्रतिष्ठित कलाकार अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इन सभी प्रस्तुतियों में प्रतिदिन दर्शकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी एमबी ओझा द्वारा सहकारी समितियों के संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये हैं। बालाजी पेन्टर सहकारी समिति मर्या. जोन्हा के लिये सहकारी निरीक्षक अम्बरीश देव बघेल को तथा प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति मर्या. गुढ़ के लिये वनपाल महिन्द्र शरण को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नियंत्रण कक्ष स्थापित

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** नगरीय एवं पंचायतों के उप निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07662-250209 है।

## हर घर में नल से जल पहुंचने से प्रसन्न हैं भौवार के ग्रामवासी

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन द्वारा जलजीवन मिशन तथा पीएचई विभाग की एकल नलजल योजनाओं के माध्यम से घरों में नल से स्वच्छ पेयजल आपूर्ति की महत्वाकां योजना शुरू की गई है। इस योजना से जिले की कई बसाहटों के निवासियों को नल से नियमित रूप से जल मिलने लगा है। रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरसैता के ग्राम भौवार में भी पिछले तीन माह से स्वच्छ जल की नल से आपूर्ति की जा रही है। अब ग्रामवासियों को पानी के लिए कुएं और हैण्डपंपों में परिश्रम करने की आवश्यकता नहीं है। सुबह और शाम नल की टोंटी खोलते ही साफ पानी उनके घरों में पहुंच रहा है। साफ और मीठा पानी घरों में पहुंचने से भौवार ग्रामवासी प्रसन्न हैं।

इस संबंध में सहायक यंत्री पीएचई ने बताया कि विभाग द्वारा एकल नलजल योजना का निर्माण कराकर उससे हर घर को नल कनेक्शन दिया गया है। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के माध्यम से नलजल योजना का संचालन एवं संधारण करने के लिए नलजल योजना को ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया गया है। पेयजल की आपूर्ति की लिए भौवार गांव में एक लाख लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी तथा 20 हजार लीटर क्षमता के सम्पवेल का निर्माण पटपर टोला में कराया गया है। पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर में नल के कनेक्शन दे दिए गए हैं। पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है।

## मऊगंज में समीक्षा बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** कलेक्ट्रेट सभागार मऊगंज में 11 सितम्बर को दोपहर बाद 3 बजे से समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर मऊगंज अजय वास्तव विकास योजनाओं, कल्याणकारी कार्यक्रमों तथा जिले के प्रभारी मंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## सहायक कलेक्टर सोनाली देव कार्यमुक्त

**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** शासन द्वारा रीवा जिले में पदस्थ सहायक कलेक्टर सोनाली देव का स्थानांतरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बिछिया जिला मण्डला के लिए किया गया है। इसके परिपालन में सु सोनाली देव को 10 सितम्बर को अपरान्ह नवीन पदस्थापना में पदभार ग्रहण के करने के लिए भारमुक्त कर दिया गया है।


# विचार

## स्कूली छात्र मोबाइल का संयमित प्रयोग करें

तरो ताजा खबरों से विदित हो रहा है कि फ्रांस में करीब 200 माध्यमिक स्कूलों ( कक्षा 6 से 8 ) ने क्लास में स्मार्टफोन लाने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। इसे डिजिटल ब्रेक का नाम दिया गया है। फिलहाल यह अभियान परीक्षण के चरण में है। यह फैसला मोबाइल और इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों पर किशोरों का स्क्रीन टाइम ( स्क्रीन देखने का समय ) घटाने और उन्हें ऑनलाइन शोषण और साइबरबुड्क्षलग से बचाने के लिए लिया गया है। अगर यह परीक्षण कामयाब होता है, तो 2025 तक इसे फ्रांस के सभी स्कूलों में लागू किया जा सकता है। मोबाइल या सैलफोन आजकल हर व्यक्ति के जीवन में आधुनिक दूरसंचार का एक अभिन्न अंग बन गए हैं। कई देशों में, आधी से ज्यादा आबादी मोबाइल फोन का इस्तेमाल करती है और मोबाइल फोन का बाजार तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन  द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, सऊदी अरब खाड़ी क्षेत्र के देशों में सबसे ज्यादा मोबाइल उपयोगकर्त्ताओं के साथ पहले स्थान पर है। खाड़ी देशों में ओमान दूसरे स्थान पर है, उसके बाद कुवैत और यू.ए.ई. हैं। चूंकि  दुनिया भर में अरबों लोग मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हैं, इसलिए स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों की घटनाओं में थोड़ी-सी भी वृद्धि दीर्घकालिक आधार पर बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रभाव डाल सकती है।  फ्रांस में शुरू किए जा रहे नए प्रयोग के अनुसार किशोर सुबह स्कूल आने पर अपना मोबाइल शिक्षकों को सौंप देते हैं। वे जब तक स्कूल में रहते हैं, उनके मोबाइल फोन बेहद सुरक्षित ब्रीफकेस में रखे जाते हैं। इसके लिए संबंधित स्कूलों ने खुद ही फंड इकट्ठा करके ब्रीफकेस जैसे स्टोरेज उपकरण खरीदे हैं। कई विशेषज्ञ आगाह करते हैं कि किशोरों और बच्चों में स्मार्टफोन का बढ़ता चलन और सोशल मीडिया के प्रति रुझान, लत की हद तक बढ़ता जा रहा है। यह सेहत के लिए बड़े खतरे की तरह देखा जा रहा है। अपने देश में भी छात्रों द्वारा मोबाइल का अनियमित उपयोग उफान पर है। शिक्षा से जड़े अनेक लोग इस बिंदू पर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। छात्रों की मानसिक हैल्थ को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था से भी इस बिंदू पर सख्त गाइडलाइंस का इंतजार है। यह काम किसको करना होगा?

# ट्रम्प की जीत का अमरीकी अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा

**नवबर में होने वाला अमरीकी राष्ट्रपति चुनाव कई कारणों से महत्वपूर्ण है। दाव पर सिर्फ अमरीकी लोकतंत्र का अस्तित्व ही नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ प्रबंधन भी है, जिसका बाकी दुनिया पर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। अमरीकी मतदाताओं को न सिर्फ अलग-अलग नीतियों के बीच, बल्कि अलग-अलग नीतिगत उद्देश्यों के बीच भी चुनाव करना पड़ता है। हालांकि डैमोक्रेटिक उमीदवार, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अभी तक अपने आर्थिक एजैंडे का पूरा यौरा नहीं दिया है,**



लेकिन वे संभवत॰ राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यक्रम के केंद्रीय सिद्धांतों को बनाए रखेंगी, जिसमें प्रतिस्पर्धा बनाए रखने, पर्यावरण को संरक्षित करने, जीवन की लागत को कम करने, विकास को बनाए रखने, राष्ट्रीय आर्थिक संप्रभुता और लचीलापन बढ़ाने और असमानता को कम करने के लिए मजबूत नीतियां शामिल हैं।  इसके विपरीत, उनके प्रतिद्वंद्वी, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ज्यादा न्यायसंगत, मजबूत और टिकाऊ अर्थव्यवस्था बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इसकी बजाय, रिपब्लिकन  कोयला और तेल कम्पनियों को खाली चैक दे रहे हैं और एलन मस्क और पीटर थिएल जैसे अरबपतियों के साथ घुलमिल रहे हैं। इसके अलावा, जबकि ठोस आर्थिक प्रबंधन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए नीतियां बनाने की आवश्यकता होती है, झटकों का जवाब देने और नए अवसरों को भुनाने की क्षमता भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। हमें पहले से ही इस बात का अंदाजा है कि इस मामले में प्रत्येक उम्मीदवार कैसा प्रदर्शन करेगा। ट्रम्प अपने पिछले प्रशासन के दौरान कोविड-19 महामारी का जवाब देने में बुरी तरह विफल रहे, जिसके परिणामस्वरूप 10 लाख से अधिक मौतें हुईं। अभूतपूर्व घटनाओं का जवाब देने के लिए सर्वश्रेष्ठ विज्ञान के आधार पर कठिन निर्णय लेने की आवश्यकता होती है। अमरीका के पास कोई ऐसा व्यक्ति है जो व्यापार-नापसंद को तौलने और संतुलित समाधान तैयार करने में विचारशील और व्यावहारिक हो।  हमारे पास एक आवेगी नार्सिसिस्ट है जो अराजकता में पनपता है और वैज्ञानिक विशेषज्ञता को अस्वीकार करता है। चीन द्वारा पेश की गई चुनौती के प्रति उनकी प्रतिक्रिया पर विचार करें। 60 प्रतिशत या उससे अधिक के कम्बल टैरिफ को लागू करने का प्रस्ताव था। जैसा कि कोई भी गंभीर अर्थशास्त्री उन्हें बता सकता था कि  इससे कीमतें बढ़ेंगी। इस प्रकार, निम्न और मध्यम आय वाले अमरीकियों को लागत का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जैसे-जैसे मुद्रास्फीति बढ़ती है और अमरीकी फैडरल रिजर्व को ब्याज दरें बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, अर्थव्यवस्था धीमी वृद्धि, बढ़ती मुद्रास्फीति और उच्च बेरोजगारी की तिहरी मार झेलेगी। मामले को बदतर बनाते हुए, ट्रम्प ने फैड की स्वतंत्रता को खतरे में डालने की चरम स्थिति अपनाई है। इस प्रकार ट्रम्प का एक बार और राष्ट्रपति बनना आर्थिक अनिश्चितता, निराशाजनक निवेश और विकास और लगभग निश्चित रूप से मुद्रास्फीति की उम्मीदों को बढ़ाने का एक निरंतर स्त्रोत पेश करेगा।  ट्रम्प की प्रस्तावित कर नीतियां भी उतनी ही भयावह हैं। निगमों और अरबपतियों के लिए 2017 की कर कटौती को याद करें, जो अतिरिक्त निवेश को प्रोत्साहित करने में विफल रही और केवल शेयर बायबैक को प्रोत्साहित किया। जबकि ट्रम्प जैसे लोकलुभावन तानाशाह  घाटे की परवाह नहीं करते हैं। अमरीका और विदेशों में निवेशकों को ड्क्षचतित होना चाहिए। गैर-उत्पादकता बढ़ाने वाले खर्च से घाटे में वृद्धि मुद्रास्फीति की उम्मीदों को और बढ़ाएगी। आर्थिक प्रदर्शन को कम करेगी और असमानता को बढ़ाएगी।  समान रूप से, बाइडेन प्रशासन के लिए मुद्रास्फीति न्यूनीकरण अधिनियम को निरस्त करना न केवल पर्यावरण और देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अमरीकी प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए बुरा होगा बल्कि यह उन प्रावधानों को भी समाप्त कर देगा, जिन्होंने फार्मास्यूटिकल्स की लागत को कम किया है, जिससे जीवन की लागत बढ़ जाती है। ट्रम्प बाइडेन प्रशासन की मजबूत प्रतिस्पर्धा नीतियों को भी वापस लेना चाहते हैं, जो फिर से बाजार की शक्ति को मजबूत करके और नवाचार को रोककर असमानता को बढ़ाएगी और आर्थिक प्रदर्शन को कमजोर करेगी। और वह बेहतर तरीके से डिजाइन किए गए आय-आश्रित छात्र ऋणों के माध्यम से उच्च शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने की पहल को खत्म कर देंगे, जिससे अंतत॰ उस क्षेत्र में निवेश कम हो जाएगा जिसकी अमरीका को इक्कीसवीं सदी की अभिनव अर्थव्यवस्था की चुनौतियों का सामना करने के लिए सबसे अधिक आवश्यकता है। यह हमें ट्रम्प के एजैंडे की उन विशेषताओं की ओर ले जाता है जो अमरीका की दीर्घकालिक आर्थिक सफलता के लिए सबसे अधिक परेशान करने वाली हैं। एक और ट्रम्प प्रशासन बुनियादी विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए धन में कटौती करेगा, जो पिछले 200 वर्षों में अमरीका के प्रतिस्पर्धी लाभ और बढ़ते जीवन स्तर का स्त्रोत है। अपने पिछले कार्यकाल के दौरान,  ट्रम्प ने लगभग हर साल विज्ञान और प्रौद्योगिकी में बड़ी कटौती का प्रस्ताव रखा, लेकिन गैर-चरमपंथी कांग्रेसी रिपब्लिकन ने इन बजट कटौतियों को रोक दिया। हालांकि, इस बार, यह अलग होगा, क्योंकि रिपब्लिकन पार्टी ट्रम्प का व्यक्तिगत पंथ बन गई है। ट्रम्प का विक्रेताओं और ठेकेदारों को भुगतान करने से इंकार करने का लंबा ट्रैक रिकॉर्ड उनके चरित्र को दर्शाता है। वह एक धमकाने वाले व्यक्ति हैं जो अपनी शक्ति का उपयोग किसी को भी लूटने के लिए करेंगें। लेकिन यह तब और भी बड़ी समस्या बन जाती है जब वह ड्क्षहसक विद्रोहियों का खुलकर समर्थन करते हैं।  कानून का शासन केवल ऐसी चीज नहीं है जिसे हमें अपने लिए संजो कर रखना चाहिए,यह एक अच्छी तरह से काम करने वाली अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है। 2024 की शरद ऋतु की ओर बढ़ते हुए, यह जानना असंभव है कि अगले 4 वर्षों में अर्थव्यवस्था को किन झटकों का सामना करना पड़ेगा। लेकिन इतना तो स्पष्ट है कि  अगर कमला हैरिस निर्वाचित होती हैं तो 2028 की अर्थव्यवस्था बहुत मजबूत, अधिक समान और अधिक लचीली होगी।( लेखक अर्थशास्त्र में नोबेल पुरस्कार विजेता हैं।)

## आखिर कितने दिनों तक टिकी रहेगी ट्रूडो सरकार

अमरीका के प्रैजीडैंशियल सिस्टम की तरह कनाडा के अंदर फैडरल और राज्य सरकारों का कार्यकाल संसदीय सिस्टम के अंतर्गत संवैधानिक तौर पर 4 वर्ष के लिए तय हुआ है। 20 सितम्बर 2021 में हुए मध्यवर्ती   चुनाव में कनाडियन हाऊस कामन्स में किसी भी राजनीतिक दल को बहुमत प्राप्त नहीं हुआ। 19 अक्तूबर 2015 में कनाडा में हुए आम चुनावों में पहली बार जस्टिन ट्रूडो देश के 23वें प्रधानमंत्री बने। इस पद के लिए उन्होंने 4 नवम्बर 2015 को शपथ ग्रहण की। अल्पमत की सरकारें चलाना एक सिरदर्दी होती है। इसलिए प्रधानमंत्री ट्रूडो ने बहुमत प्राप्त करने की आस में देश में 20 सितम्बर 2021 को मध्यवर्ती चुनावों की घोषणा कर दी मगर बात फिर भी न बनी। विपक्षी दल भी कोई प्रगति कर नहीं सका।

इन चुनावों में लिबरल पार्टी को 160, कंजर्वेटिव को 119, ब्लाक क्यूबैक को 32, एन.डी.पी. को 25 और ग्रीन पार्टी को 2 सीटें हासिल हुईं।  कनाडाई नागरिकों की ओर से हंग पार्लियामैंट चुनने के बावजूद देश में स्थायी, मजबूत विकासमयी, पारदर्शी और विशेषकर मध्यमवर्ग तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए सरकार देने के लिए जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व में लिबरल पार्टी और स. जगमीत सिंह के नेतृत्व में एन.डी.पी. के दरम्यिान एक विश्वास संधि मार्च 2022 में हुई। यह एक मिलीजुली सरकार नहीं थी क्योंकि प्रधानमंत्री ट्रूडो की सरकार में कोई एन.डी.पी. सांसद कैबिनेट मंत्री के तौर पर शामिल न हुआ। अक्सर गठबंधन सरकारें चलाना कोई आसान कार्य नहीं होता।

# अपराध रुकें इसके लिए नजरिया बदलें

-क्षमा शर्मा

कई बार बहुत सी चीजें चकित करती हैं। पिछले कुछ सालों से सिम्बोलिज्म या प्रतीकात्मकता बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में बंगाल में एक युवा डाक्टर के साथ जिस तरह से दुष्कर्म किया गया और उसकी हत्या कर दी गई, उसने पूरे देश को उद्वेलित किया। हाथरस कांड और निर्भया के वक्त भी ऐसा ही हुआ था। बंगाल में उस अभागी लड़की को अभया कह कर पुकारा जाने लगा। आप कह सकते हैं कि चूंकि दुष्कर्म पीड़िता का नाम जग जाहिर करना कानूनी अपराध है , ऐसा इसलिए किया गया। फिर वहां जो नया दुष्कर्म कानून आया उसे भी अपराजिता कह कर पुकारा गया। एक लड़की अभया हो सकती है , निर्भया हो सकती है, यानी कि उसे किसी से डर नहीं लगता।  वह अपराजिता भी हो सकती है कि किसी से पराजित न हो। मगर लड़कियों के जीवन में इस तरह के सांकेतिक नाम रखने से क्या बदलता है। क्या उनके प्रति अपराध होने से रुक जाते हैं। निर्भया का मामला 2012 में हुआ था। कहा गया था कि दुष्कर्म के खिलाफ ऐसा कठोर कानून बनाया जाए, जिससे कि अपराधी ऐसा करने की हिम्मत न कर सकें लेकिन क्या ऐसा हो सका। क्या कठोर कानून के बावजूद बलात्कार के मामलों में कमी आई। एन.सी.आर.बी. के आंकड़ों को देखें तो लगता है, ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। 2021 यानी कि निर्भया मामले के 9 साल बाद, दिल्ली में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए जिनकी संख्या 1221 थी। राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश का नम्बर था। 2021 में ही जयपुर में देश में सबसे अधिक दुष्कर्म हुए थे और कोलकाता में सबसे कम। लेकिन पिछले दिनों कोलकाता के मामले ने ही सबको परेशान कर दिया। ऐसा क्यों है कि एक ओर  लड़कियों को पूजते हैं, मातृ-शक्ति को सबसे बड़ा मानते हैं और दूसरी तरफ मौका मिलते ही उनके प्रति किसी भी कुकृत्य को करने से बाज नहीं आते।  यहां तक कि नजदीकी रिश्तेदार तक ऐसा करते हैं। बहुत पहले केरल में एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया



गया था कि  बहुत से नजदीकी रिश्तेदार अपनी रिश्तेदार उम्रदराज महिलाओं को भी नहीं बख्शते। सुनने में यह भयावह लगता है कि हमारी बुजुर्ग नानी-दादियां भी इस तरह के अपराधों का शिकार हों। इस रिपोर्ट को जानकर उस समय के केरल के मुख्यमंत्री भी विचलित हो उठे थे। हाल ही में एक खबर ने परेशान किया था कि राजस्थान में  गांव में रहने वाले एक मां-बेटे शादी से लौट रहे थे। बेटे ने खूब शराब पी रखी थी। एक सुनसान जगह देखकर बेटे ने मां के साथ दुष्कर्म जैसे अपराध को अंजाम दिया। मां अपने मां होने की दुहाई देती रही, लेकिन वह न माना। नशा उतरने के बाद उसने खुद अपराध स्वीकार किया। शराब के बारे में यों ही नहीं कहा जाता कि उसे पीने के बाद लोग होश खो बैठते हैं। लेकिन जरूरी नहीं कि शराब पीने के बाद ही ऐसे अपराध किए जाते हों।  हद तो यह है कि छोटे बच्चे भी इस तरह के अपराधों में शामिल पाए जाते हैं। हम समझते हैं कि लड़कियों और महिलाओं के प्रति अपराध बाहर वाले ही करते हैं, मगर हमेशा ऐसा सच नहीं है। बचपन में जब घर की बुजुर्ग महिलाएं कहती थीं कि घर के पुरुषों के सामने दुपट्टा ओढ़कर जाओ, तो बहुत बुरा लगता था, लेकिन आज समझ में आता है कि वे ऐसा क्यों कहती थीं। वे उन वृत्तियों को पहचानती थीं, जिनसे अपराध जन्म लेते हैं। लेकिन यह भी सच है कि किसी ने कैसे कपड़े पहने हैं , यह देखकर लोग उसके प्रति अपराध करने को प्रेरित हों। लगता तो यह है कि लड़कियां और स्त्रियां कैसे भी कपड़े पहनें , वे घर से बाहर रहें या अंदर, वे हमेशा अपराधों की जद में होती हैं और यह सिर्फ हिन्दुस्तान की बात नहीं है। वे देश जो महिला सुरक्षा और महिलाओं की बराबरी को लेकर दूसरे देशों को बहुत ज्ञान बांटते रहते हैं, वहां की आबादी और दुष्कर्म के मामले देखिए, तो वे बहुत बड़ी संख्या में नजर आते हैं। सोचने की बात यही है कि आखिर ऐसा कैसे हो कि महिलाएं अपने घरों में और बाहर सुरक्षित रह सकें। जहां वे काम करती हैं, वहां तो सुरक्षा और भी जरूरी है। कोलकाता की डाक्टर के साथ अपराध उसी अस्पताल में हुआ, जहां वह काम करती थी। आप लाख कानून बना लीजिए, कठोर से कठोर दंड दे दीजिए, लेकिन अपराध नहीं रुकते। निर्भया के प्रति जिन लड़कों ने अपराध किया था, उन्हें फांसी दी ही गई थी। लेकिन सवाल औरतों के प्रति हमारे नजरिए का है। जब तक औरत होने का मतलब किसी से कमजोर होना है, उसके शरीर मात्र को देखकर हमलावर होना है और किसी तरह का पछतावा भी न हो, तो सारे कानून और सारा हो-हल्ला व्यर्थ सा लगता है। किसी पीड़िता का नाम अभया रख लीजिए, निर्भया रख लीजिए, अपराजिता पुकारिए लेकिन अगर सोच न बदले, औरतों के प्रति वह दृष्टिकोण न बदले, तो कानून किसी काम के नहीं हैं। वे एक मनोवैज्ञानिक सहारा तो दे सकते हैं, लेकिन यह भी तो सच है कि अधिकांश गरीब, साधनहीन स्त्रियों की पहुंच उन तक नहीं होती। औरतों के प्रति नजरिया बदलने पर ही उनके प्रति अपराध रुक सकते हैं।

# मोतीलाल साहू चला रहा था नकली शराब का धंधा, कोचिया बनकर एक्साइज डिप्टी कमिश्नर ने की डील, पहली बार पकड़ी गई सबसे बड़ी खेप





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**राजधानी रायपुर में आबकारी विभाग ने नकली शराब की बड़ी खेप बरामद की है। जांच टीम को नकली शराब को तैयार करने के लिए इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी मिला है। खास बात यह है कि एक्साइज डिपार्टमेंट के डिप्टी कमिश्नर विकास गोस्वामी ने खुद कोचिया (अवैध शराब का काम करने वाला) बनकर नकली शराब की डील की। फिर छापेमारी करते हुए नकली शराब बेचने वालों को धर दबोचा।

आबकारी विभाग की टीम ने नकली शराब का धंधा करने वाले जिस बदमाश को पकड़ा है, उसका नाम है मोतीलाल साहू। इसके अलावा युवराज साहू नाम के भी एक शख्स को पकड़ा गया है। इन दोनों के पास से करीब 60 पेटी शराब और 300 लीटर ओवर प्रूफ लिक्विड( जिसका इस्तेमाल नकली शराब बनाने में किया जाता है) बरामद किया गया है।

**ऐसे हुआ ये ऑपरेशनः** विभाग के डिप्टी कमिश्नर विकास गोस्वामी ने बताया कि हमें कई दिनों से नकली शराब के काम की जानकारी मिल रही थी। हमें इसे बनाने वालों को पकड़ना था। इसलिए ऑपरेशन प्लान किया गया। मैंने कोचिया बनकर नकली शराब के व्यापार करने वालों को ट्रेस किया। अलग-अलग नंबरों से नकली शराब बनाने वालों से डील की बातचीत की। आरोपी मोहित मोतीलाल साहू से डील होने के बाद उसके पास से 40 पेटी नकली शराब जब्त की गई है। गोवा ब्रांड से यह शराब बेचने की कोशिश की जाने वाली थी। बिना होलोग्राम के यह शराब वेगन-आर कार से बरामद की गई।

अधिकारियों ने बताया कि इसी तरह पिकअप में जांच के दौरान टीम को 12 पेटी नकली गोवा शराब मिली। लावारिस हालत में 8 पेटी नकली शराब भी मिली है। युवराज के पास से नकली शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाली 300 लीटर स्पिरिट भी मिली है। इससे 1500 लीटर नकली शराब बनाई जा सकती थी।

**बारिश के बीच हुआ एक्शनः** मुखबिरों से आबकारी विभाग के अधिकारियों को नकली शराब के ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी मिली थी। आसपास के जिलों में गांव में यह शराब बेचने की तैयारी थी। बारिश के बीच टीम ने नाकेबंदी कर शराब अवैध शराब का धंधा करने वाले बदमाश युवराज को पकड़ा। आबकारी विभाग ने दावा किया है कि राज्य में यह अपनी तरह की पहली बड़ी कार्रवाई है। अवैध शराब को तैयार करने वाली चीजें, खाली बोतल, ढक्कन भी मिले हैं। मोतीलाल साहू और युवराज साहू के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट 1915 और 2020 के तहत कार्रवाई कर इन्हें जेल भेजा गया है।

**लोग नहीं कर पाते नकली-असली में फर्कः** नकली शराब मोतीलाल साहू के पास से बरामद की गई। इसमें शराब की पैकेजिंग ब्रांडिंग कुछ इस तरह से थी कि लोग असली-नकली शराब में फर्क नहीं कर पाते। आबकारी विभाग के सूत्रों ने बताया कि यह शराब खुले तौर पर गांव-गांव में बेचने की तैयारी थी। इस शराब को पीने से लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती थीं।

## 7 साल से अधूरा स्काईवॉक, 8 माह में होगा पूरा



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**रायपुर का बहुचर्चित, विवादित और अधूरा प्रोजेक्ट स्काई वॉक का काम जल्द शुरू होने वाला है। करीब 7 सालों से अधूरे खड़े इसके ढांचे को पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही नोटिफिकेशन भी जारी होगा।

ठेका लेने वाली कंपनी को 8 महीने और 31 करोड़ की लागत से इस प्रोजेक्ट को पूरा करना होगा। करीब डेढ़ किमी के स्काई वॉक में 12 जगह उतरने और चढ़ने के लिए ऐस्कलेटर लगेंगे। इसी के पास सीढ़ियां भी बनाई जाएंगी। इसके अलावा दो जगहों में अलग से सीढ़ियां बनेंगी।

## छत्तीसगढ़ के 11 आईएएस अफसरों के विभाग बदलें

**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ के 11 आईएएस अधिकारियों के विभागों में बदलाव किया गया है। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से मंगलवार शाम इसे लेकर आदेश जारी कर दिया गया।

विभागों के बदलाव वाली इस लिस्ट में कई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिए गए हैं, तो कुछ को पुराने अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया गया है। इनमें ऋचा शर्मा, रजत कुमार, अंकित आनंद, बसव राजू, पी दयानंद, भीम सिंह, जितेंद्र कुमार शुक्ला, प्रभात मलिक, विवेक आचार्य जैसे अफसरों के नाम शामिल हैं।

## रायपुर में इलाके डूबे-मकान गिरे, सुकमा-बीजापुर में बाढ़





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया है। रायपुर सहित कई जिलों में बारिश जारी है। इसके चलते रायपुर के कई इलाके डूब गए हैं और 3 मकान ढह गए।

जलभराव पर भाजपा ने कहा है कि तो थोड़े से पानी में शहर डूब रहा है, निगम की कोई व्यवस्था नहीं है, महापौर को जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा देना चाहिए। मौसम विभाग ने आज (मंगलवार को) भी 9 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है

सुकमा, बीजापुर जिले में बाढ़ जैसे हालात हैं। सुकमा में शबरी और बीजापुर में इंद्रावती व चिंतावागु नदी उफान पर है। सुकमा में ह्ला-30 और बीजापुर में ह्ला-63 पर पानी भर गया है। छत्तीसगढ़ का महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से संपर्क टूट गया है।

बालोद और सुकमा में बारिश के चलते कई मकान गिर गए हैं। सुकमा में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। राजनांदगांव-खैरागढ़ का संपर्क टूट गया है। दूसरी ओर बिजली गिरने से फिर 2 लोगों की मौत हुई है। दुर्ग में भी एक युवक उफनते नाले में बह गया।

**24 घंटे के लिए बारिश का अलर्टः** ऑरेंज अलर्ट : मुंगेली, बालोद, कबीरधाम, राजनांदगांव और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में अति भारी बारिश की संभावना। यलो अलर्ट : दुर्ग, बेमेतरा, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बीजापुर जिलों में भारी बारिश का की संभावना जताई गई है।

# होरा पर आरोप- बंधक बनाया, फिर करोड़ों का केबल कारोबार हड़पा

### कारोबारी बोला- टुटेजा का डर दिखाया, फर्जी एफआईआर कराई; कहा- सरकार मेरी है



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ में हैथवे केबल कंपनी के शेयर हड़पने, कब्जा करने के आरोप में कारोबारी गुरुचरण सिंह होरा, बेटे तरनजीत सिंह होरा और अन्य बड़े कारोबारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ। होरा पर एक कारोबारी ने आरोप लगाया है कि उसने तत्कालीन ढ्ढस् अनिल टुटेजा का डर दिखाकर ऑफिस में बंधक बनाया, जबरन कोरे कागज पर साइन कराने का प्रयास किया। फिर षड्यंत्र कर कंपनी पर कब्जा कर लिया। पूरा मामला रायपुर के देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है।

अभिषेक अग्रवाल ने पुलिस को शिकायत में बताया कि वह मुंगेली रोड बिलासपुर में रहता है। अभिषेक ने दुलाल बनर्जी, मयूर गोविंद भाई कनानी, सुधीर सरीन, सुनील सेठी, राजेश मित्तल (ये सभी मुंबई स्थित कंपनी के डायरेक्टर) और संजय खन्ना, गिरिराज गर्ग और गुरमीत सिंह भाटिया के साथ मिलकर रायपुर में केबल टीवी का बिजनेस चालू किया। इस कंपनी का नाम हैथवे मल्टीनेट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी था।

**कंपनी का खुद को मालिक बताने लगाः** अभिषेक ने बताया कि इस कंपनी का ऑफिस पगारिया कॉम्प्लेक्स में था। कंपनी में अभिषेक अग्रवाल का 16.33% शेयर, गिरिराज गर्ग का 16.33%, गुरमीत सिंह भाटिया का 16.33% शेयर था। वहीं करीब 51 प्रतिशत शेयर हैथवे डाटाकम मुंबई के डायरेक्टर का था। मई 2020 तक कंपनी ने काम रायपुर में फैला लिया। इसके बाद गुरमीत सिंह भाटिया का रिश्तेदार गुरुचरण सिंह होरा ने कंपनी में दखल-अंदाजी चालू कर दी। होरा खुद को कंपनी का मालिक बताने लगा। कहा कि गुरमीत सिंह भाटिया केवल नाम का पार्टनर है, पैसा उसका लगा हुआ है।

**केबल कारोबार में हमारा एकाधिकार रहेगाः** अभिषेक ने बताया कि होरा ने कहा कि तुम अपने नाम की हिस्सेदारी मेरे नाम ट्रांसफर करके कंपनी से बाहर हो जाओ। ऑफिस आना-जाना बंद कर दो, सरकार मेरी है। अनिल टुटेजा का पावर तो तुमको पता ही होगा। छत्तीसगढ़ के केबल कारोबार में हमारा एकाधिकार रहेगा। हम सभी को एक-एक कर बाहर करेंगे।

**बंधक बनाकर जबरन सिग्नेचर करवाने की कोशिशः** 16 मई 2020 को जब अभिषेक अन्य दो सहयोगियों के साथ ऑफिस पहुंचा। तो वहां पर गुरुचरण सिंह होरा, उसका बेटा तरणजीत सिंह होरा, अनमोल गारूढ़ी, हितेश व्यास और हथियारों से लैस बाउंसर मौजूद थे।अभिषेक के मुताबिक, उसके ही ऑफिस में उसे बंधक बनाकर साइन करने के लिए दबाव बनाया गया। उसने पुलिस से मदद लेना चाहा, लेकिन फोन छीन लिया गया।

**पुलिस से भी नहीं मिली मददः**अभिषेक जब देवेंद्र नगर थाने पहुंचा तो वहां के ड्यूटी इंचार्ज ने भी उनकी मदद नहीं की। उसके बाद फोन से तत्कालीन SP और रायपुर ढ्ढत्र को शिकायत की गई। लेकिन वहां से भी कुछ मदद नहीं मिली। इस दौरान कोई अधिकारी और राजनीतिक लोगों ने अभिषेक को सलाह दी थी वह गुरुचरण सिंह होरा से मत उलझे। इसके बाद अभिषेक और उसके पिता अशोक अग्रवाल डर गए।

**गजराज पगारिया के घर पर मीटिंग हुईः** कुछ दिनों बाद उन्हें पता चला कि उनके खिलाफ देवेंद्र नगर में 420 की धारा में एफआईआर दर्ज की गई है। अभिषेक ने बताया कि उसे समझ में आ गया कि यह सब दबाव में किया जा रहा है। जिसके बाद गजराज पगारिया के घर पर 20 सितंबर 2020 को मीटिंग हुई। जिसमें होरा ने कहा कि उसने हेथवे के मुंबई स्थित लोगों से 51 प्रतिशत शेयर और गिरिराज गर्ग का 16 प्रतिशत शेयर ले लिया है। अब तुम भी अपना शेयर चुपचाप दे दो। उसके बाद उन्होंने ने भी डर में स्टाम्प पेपर पर सिग्नेचर कर दिए।

**हेथवे का नाम कर लिया ग्रैंड अर्श मल्टी नेट प्राइवेट लिमिटेडः** आरोप है कि होरा ने षड्यंत्र करते हुए हेथवे कंपनी का नाम ग्रैंड अर्श मल्टी नेट प्राइवेट लिमिटेड कर लिया। फिर कंपनी के सारे उपकरण, ऑफिस और दस्तावेजों पर कब्जा जमा लिया। इसके अलावा कंपनी के करीब 48,500 सेटअप बॉक्स जो करीब 4 करोड़ 25 लाख रुपए का था। उसे अपनी नई कंपनी में इस्तेमाल कर रहा है। इसके अलावा ये भी आरोप है कि केबल कस्टमरों और ऑपरेटरों से होने वाली करीब 7 करोड़ 4 लाख रुपए की इनकम धोखाधड़ी की वजह से 74 लाख रुपए रह गई।

**पूर्व सरकार के दबाव में प्रताड़ित किया गयाः**अभिषेक ने परिवारढ्ढ़र में कहा है कि गुरुचरण सिंह होरा ने अनिल टुटेजा के माध्यम से पूर्व सरकार के कार्यकाल के दौरान उन्हें पुलिस का भय दिखाकर प्रताड़ित किया है। प्रदेश के केबल ऑपरेटरों के खिलाफ करीब 20 फर्जी परिवारढ्ढ़र भी दर्ज कराई हैं। उन्होंने पुलिस को इन परिवारढ्ढ़र की लिस्ट भी दी है। अभिषेक ने पुलिस से मामले में जल्द एक्शन लेने की मांग की है।

## रायपुर में ट्रक की टक्कर से 2 की मौत, हिरासत में आरोपी ड्राइवर



राजधानी रायपुर में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक और महिला की मौत हो गई है। दोनों दशगात्र कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। इस दौरान गोगांव रिंग रोड के पास हादसा हो गया। इस मामले में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महिला ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की है।

गुढ़ियारी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा सोमवार शाम का है। भनपुरी की तरफ से महाराष्ट्र पासिंग तेज रफ्तार 12 चक्का ट्रक आ रही थी। झाबक पेट्रोल पंप के पास साइड रोड से बाइक सवार युवक अमिलाल लोधी और 2 महिला रिंगरोड में पहुंचे। वे लोग तीन सवारी टाटीबंध की तरफ जा रहे थे। तभी ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही तीनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान अमिलाल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल एक महिला लक्ष्मी बाई वर्मा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। एक महिला को हल्की चोट आई है। जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। उससे आगे की पूछताछ की जारी है।

## विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज



**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद विधायक देवेंद्र यादव को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। सोमवार को उनकी रिमांड 9 दिनों के लिए बढ़ा कर 17 सितंबर तक की गई है।

17 अगस्त को बलौदाबाजार पुलिस ने देवेंद्र को भिलाई से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद से वो रायपुर के सेंट्रल जेल में बंद हैं।लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति को देखते हुए सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। विधायक के वकील ने सोमवार को ही जमानत याचिका भी दाखिल की थी, लेकिन इस पर कोर्ट ने आदेश मंगलवार देने की बात कही थी।

पुलिस का तर्क है कि, विधायक का मोबाइल जमा नहीं होने के चलते केस के प्रोग्रेस में देरी हो रही है। जिस पर देवेंद्र ने वकील ने कहा कि, मोबाइल जमा कर दिया गया था। जिसे डीवीआर कॉपी करने के बाद पुलिस ने वापस लौटाया।

## भूपेश-बैज को राधिका का खुला चैलेंज



भाजपा नेता राधिका खेरा ने पूर्व ष्टरूभूपेश बघेल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को चैलेंज किया है। उन्होंने बैज को लीगल नोटिस भी भेजा है। भड़की हुई राधिक ने ये तक कह दिया है कि उनका दिया चैलेंज अगर भूपेश बघेल और दीपक बैज पूरा कर गए तो वो राजनीति से सन्यास ले लेंगी। ये भी कह दिया कि अगर चैलेंज पूरा न हो सका तो यही काम बघेल और बैज को करना होगा।

मंगलवार को रायपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने ये बातें कहीं। दरअसल कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि जब राधिका कांग्रेस में थीं, तब कांग्रेस शासन काल में राधिका की मां की कंपनी ने सरकार के लिए यहां कुछ विज्ञापन फिल्में बनाईं और लाभ कमाया। कांग्रेस की ओर से ये भी कहा गया कि कुछ पेंडिंग बिल थे, इस वजह से कांग्रेस नेताओं से उन्होंने विवाद किया और पार्टी छोड़ दी।

# महिला कांग्रेसियों ने बैरिकेडिंग तोड़ी, जमकर धक्का-मुक्की, रायपुर में सीएम आवास घेरने रेप पीड़िता बनकर पहुंचीं, भूपेश बोले- सरकार में बैठे लोग धमका रहे








**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।**छत्तीसगढ़ में महिला कांग्रेस रेप और महिलाओं पर हो रहे अपराधों के खिलाफ मंगलवार को सड़क पर उतरीं। ये कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास घेरने के लिए निकली थीं। इस दौरान पुलिसकर्मियों से जमकर धक्का-मुक्की हो गई। इससे पहले रायपुर के पुराने कांग्रेस भवन के सामने सैकड़ों की संख्या में महिलाएं जमा हुई। कई कार्यकर्ता रेप पीड़िता बनकर पहुंची। इसके बाद राजीव चौक से सीएम हाउस की ओर बढ़ रह थीं। लेकिन फोर्स ने उन्हें रोक लिया। महिला कांग्रेस ने प्रदर्शन समाप्त कर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप दिया है।

**11 सितंबर को सभी जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंसः** सीमेंट के बढ़ते दाम के विरोध में कांग्रेस अब जल्द ही सड़क पर नजर आएगी। पीसीसी चीफ दीपक बैज ने दामों की बढ़ोतरी के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए सभी जिले में 11 सितंबर को प्रेस कांफ्रेंस करने को कहा है।

**12 सितंबर को सीमेंट के दाम पर करेंगे प्रदर्शनः** इसके बाद 12 सितंबर को कांग्रेस प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में दामों की बढ़ोतरी के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। एक दिन पहले ही नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने भी इस पर सवाल खड़े करते हुए सरकार को घेरा था। इससे पहले कांग्रेस ने 3 सितंबर को मौन प्रदर्शन किया था।

## मणिपुर में राजभवन जा रहे छात्रों की सुरक्षाबलों से झड़प

इम्फाल। मणिपुर में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन छात्रों का हिंसक प्रदर्शन जारी है। राजभवन की ओर मार्च कर रहे स्टूडेंट्स की सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। छात्रों ने सुरक्षाबलों पर पथराव किया और गुलेल से छर्रे मारे। इसके बाद प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले दागे गए। हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र ने मंगलवार को मणिपुर में 2,000 और सीआरपीएफ जवान भेजने का फैसला किया है। 9 सितंबर को भी स्टूडेंट्स ने राजभवन पर पत्थरबाजी की थी, जिसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले और रबर बुलेट्स दागी थीं। 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। 9 सितंबर की रात मैतेई समुदाय की महिलाओं ने ड्रोन हमलों के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। राजभवन और मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन किया था। प्रशासन ने इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट में कर्फ्यू लगा दिया है। राज्य में 15 सितंबर की शाम 3 बजे तक इंटरनेट बैन कर दिया गया है। छात्रों का नेतृत्व कर रहे एम. सनाथोई चानू ने बताया- हमने डीजीपी राज्य सरकार के सुरक्षा सलाहकार को हटाने की मांग की है। सीआरपीएफ के पूर्व डीजी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में बनी यूनिफाइड कमांड राज्य सरकार को सौंपने की मांग की है।

## एयरफोर्स के विंग-कमांडर पर जूनियर से रेप का आरोप

श्रीनगर। इंडियन एयरफोर्स की महिला फ्लाइंग अफसर ने विंग कमांडर पर रेप का आरोप लगाया है। जम्मू-कश्मीर के बड़गाम में मामले को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों अफसर श्रीनगर में ही पोस्टेड हैं। सूत्रों के मुताबिक एयरफोर्स ने बताया कि बड़गाम के पुलिस स्टेशन ने हमें अप्रोच किया है। हम केस में अथॉरिटीज के साथ सहयोग कर रहे हैं। हमें इस केस की जानकारी है। एफआईआर में महिला अफसर ने कहा कि वह पिछले दो साल से विंग कमांडर के हाथों हैरेसमेंट, सेक्शुअल असॉल्ट और मेंटल टॉर्चर झेल रही है। 31 दिसंबर 2023 को अफसर मेस में हुई न्यू ईयर पार्टी में गिफ्ट देने के बहाने विंग कमांडर उसे अपने कमरे में ले गया और वहां उसके साथ रेप किया। महिला अफसर ने कहा कि वह पिछले दो साल से विंग कमांडर के हाथों हैरेसमेंट, सेक्शुअल असॉल्ट और मेंटल टॉर्चर झेल रही है महिला अफसर ने कहा कि वह पिछले दो साल से विंग कमांडर के हाथों हैरेसमेंट, सेक्शुअल असॉल्ट और मेंटल टॉर्चर झेल रही है। महिला अफसर बताया कि न्यू ईयर पार्टी में विंग कमांडर ने उससे पूछा कि क्या उसे गिफ्ट मिल गया है। जब उसने कहा कि अभी नहीं मिला, तो विंग कमांडर ने कहा कि गिफ्ट मेरे रूम में है। ऐसा कहकर वह महिला अफसर को अपने कमरे में ले गया।

# क्षिप्रा नदी को निर्मल एवं प्रवाहमान बनाये रखने सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना के लिए 614 करोड़ 53 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा 614 करोड़ 53 लाख रुपये से सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी परियोजना का निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। निर्णय अनुसार सिलारखेड़ी जलाशय की ऊँचाई बढ़ायी जाकर जलाशय की जल संग्रहण क्षमता में वृद्धि की जायेगी। परियोजना में संग्रहित जल से क्षिप्रा नदी को निर्मल प्रवाहमान बनाये रखने तथा चितावद वृहद परियोजना में जल को संग्रहित किया जाकर लगभग 65 ग्रामों की 18 हजार 800 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। मंत्रि-परिषद द्वारा नर्मदापुरम जिले की डोकरीखेड़ा जलाशय के शेष कमाण्ड एरिया को पिपरिया शाखा नहर से जल उदवहन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के लिए 49 करोड़ 94 लाख रुपये, सैंच्य क्षेत्र 2940 हेक्टेयर की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई।

पिपरिया शाखा नहर की लाईनिंग के पश्चात शेष जल के उपयोग करने के लिए परियोजना का सैंच्य क्षेत्र 2000 हेक्टेयर से बढ़ाकर कुल 12 ग्रामों की 2940 हेक्टेयर क्षेत्र में रबी सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी। ग्राम जामोदी के किसानों को प्राप्त मुआवजा राशि के अंतर की राशि 30 करोड़ 52 लाख का मंत्रि-परिषद द्वारा भारतमाला परियोजना अंतर्गत तहसील पीथमपुर, जिला धार में मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना अंतर्गत प्रभावित ग्राम जामोदी की भूमि की कलेक्टर गाईडलाईन कम होने के कारण ग्राम जामोदी के किसानों को प्राप्त मुआवजा राशि के अंतर की राशि का स्पेशल पैकेज प्रदान किये जाने की स्वीकृति दी गईं।



## भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति को लिखा- केजरीवाल सरकार बर्खास्त करें



नई दिल्ली। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति को भेजे लेटर में लिखा गया है कि, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में सरकार के कामकाज से जुड़े कई काम अटके हुए हैं। दिल्ली में भाजपा विधायकों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेटर लिखकर केजरीवाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। इस चिट्ठी को राष्ट्रपति कार्यालय ने गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। लेटर में लिखा गया है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ऐसे में सरकार से जुड़े कई काम अटके हुए हैं। फाइलों पर साइन नहीं हो पा रहे हैं। इस लेटर में विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेन्द्र गुप्ता समेत 7 अन्य विधायकों के अलावा एक पूर्व विधायक के साइन हैं। केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की याचिका 2 बार खारिज मार्च में गिरफ्तारी के बाद अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। वह जेल से ही सरकार चला रहे हैं। हालांकि, इस बीच केजरीवाल को सीएम पद से हटाने का मामला दो बार कोर्ट भी पहुंचा।

10 अप्रैल- दिल्ली हाईकोर्ट से- दिल्ली हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को याचिका खारिज करते हुए कहा था- ये कार्यपालिका का मसला है। एसीजे मनमोहन ने कहा था, इस याचिका पर हमें सुनवाई नहीं करना चाहिए। कार्यपालिका को यह मामला देखना चाहिए। इसमें न्यायपालिका के दखल की कोई गुंजाइश नहीं है।

13 मई- सुप्रीम कोर्ट से - दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी है। जस्टिस खन्ना ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा था- हम हाईकोर्ट के फैसले पर दखल नहीं दे रहे।

## अजमेर में ट्रैक पर सीमेंट के ब्लॉक्स रखे मिले

अजमेर। राजस्थान के अजमेर जिले के लामाना गांव में रेलवे ट्रैक पर दो जगह सीमेंट के ब्लॉक रखे मिले। इनसे फुलेरा से अहमदाबाद जा रही मालगाड़ी टकरा गई। यह घटना रविवार रात करीब 10:30 बजे की है। हालांकि, इसकी स्नढ्ढक्रसोमवार देर रात दर्ज की गई और आज यानी मंगलवार को जानकारी सामने आई। उधर, पुलिस ने जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। इसे ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश माना जा रहा है। एक ब्लॉक का वजन 70 किलो बताया गया है। ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश की यह राज्य में 17 दिन में तीसरी और देश में तीन महीने में नौवीं घटना है। इससे पहले 28 अगस्त को राजस्थान में ही बारां के छबड़ा में मालगाड़ी के ट्रैक पर बाइक का स्क्रैप फेंका गया था। इंजन बाइक के कबाड़ से टकरा गया था। वहीं, 23 अगस्त को पाली में अहमदाबाद-जोधपुर वंदे भारत ट्रैक पर रखे सीमेंट के ब्लॉक से टकरा गई थी। रिपोर्ट डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन (डीएफसीसी) कर्मचारी रवि बुंदेला और विश्वजीत दास ने दर्ज करवाई है। रिपोर्ट के अनुसार, 8 सितंबर की रात 10:36 बजे सूचना मिली कि ट्रैक पर सीमेंट का ब्लॉक रखा हुआ है। मौके पर पहुंचे तो पाया कि वह टूटकर गिरा हुआ है।

## राहुल ने बताया आरक्षण कब खत्म होगा



वर्जीनिया/वॉशिंगटन। अमेरिका दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने मंगलवार को आरक्षण पर बयान दिया। उन्होंने कहा, कांग्रेस तभी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी, जब देश में सभी को समान अवसर मिलने लगेंगे। फिलहाल भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में राहुल से पूछा गया था कि भारत में आरक्षण कब तक चलेगा? इसके जवाब में उन्होंने ये बातें कहीं। इसके बाद भारत में मायावती ने उनके बयान की निंदा की है। उन्होंने कहा, राहुल के नाटक से सतर्क रहें, वे आरक्षण को खत्म करने की साजिश में जुटे हैं। अमेरिका में दिए राहुल के एक और बयान पर विरोधियों ने उनकी निंदा की है। राहुल ने कहा था, भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं बल्कि सभी धर्मों के लिए है। इस पर भाजपा नेता हरदीप सिंह पुरी ने कहा, सिखों को भारत में तभी डर लगा था जब राहुल का परिवार सत्ता में था। मैं 6 दशकों से पगड़ी पहन रहा हूं। वहीं, भाजपा के प्रवक्ता आरपी सिंह ने सिखों पर दिए बयान पर राहुल को कोर्ट में घसीटने की बात कही है। वहीं राहुल के आरक्षण वाले बयान पर भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने निशाना साधते हुए कहा कि आरक्षण का विरोध उनकी विरासत है। राहुल जिस संविधान को लेकर घूमते हैं, उसी के साथ सबसे बड़ा छलावा और धोखा कर रहे हैं।

रविशंकर प्रसाद ने कहा कि ये आरक्षण खत्म करने की सोची

## महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर एनडीए में चर्चा

मुंबई। महाराष्ट्र में एनडीए का सीधा मुकाबला कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (से है। 2024 लोकसभा चुनाव में एमवीए ने 48 सीटों में से 30 सीटों पर जीत हासिल की थी। एनडीए को सिर्फ 17 सीटें मिली थीं। एमवीए विधानसभा चुनाव में यही प्रदर्शन दोहराने की तैयारी में है। एनसीपी सूत्रों ने बताया था- 173 सीटों पर सहमति बनी महायुति की दूसरे दौर की बैठक 31 अगस्त को नागपुर में हुई थी। 3 घंटे तक चली इस मीटिंग में महाराष्ट्र की 288 में से 173 सीटों पर सहमति बन गई है। इनमें सबसे ज्यादा सीटें भाजपा को देने का फैसला किया गया है। भाजपा के

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, काम पर नहीं लौटे जूनियर डॉक्टर



कोलकाता। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 9 अगस्त को ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए रेप-मर्डर के विरोध में जूनियर डॉक्टर्स की हड़ताल मंगलवार को 31वें दिन भी जारी है। डॉक्टर्स करुणामयी (सॉल्ट लेक) से स्वास्थ्य भवन तक मार्च निकाल रहे हैं। उनकी मांग है कि राज्य के स्वास्थ्य सचिव को भी बर्खास्त किया जाए। इससे पहले कोलकाता के पुलिस कश्मिनर को सस्पेंड करने की मांग उठी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 9 सितंबर की सुनवाई में डॉक्टरों को 10 सितंबर शाम 5 बजे से पहले काम पर लौटने को कहा था। कोर्ट ने आदेश ना मानने पर राज्य सरकार को डॉक्टरों के खिलाफ एक्शन लेने को कहा था। जूनियर डॉक्टर्स का कहना है कि उन्हें और पीड़ित को न्याय नहीं मिला है, इसलिए वे काम पर नहीं लौटेंगे। डॉक्टरों ने भी सरकार को शाम 5 बजे तक मांगें मानने का टाइम दिया था, हालांकि डेडलाइन खत्म हो गई है। वहीं आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व-प्रिंसिपल संदीप घोष की सीबीआई की न्यायिक हिरासत 23 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

## सांसद ललन सिंह से मिले बाहुबली अनंत सिंह, बिहार में फिर बढ़ी सियासी हलचल

पटना। पटना से बड़ी खबर आ रही है, जहां जदयू सांसद और पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह से मोकामा के पूर्व बाहुबली विधायक अनंत सिंह ने मुलाकात की।

अनंत सिंह ने इस मौके पर ललन सिंह को गुलदस्ता भेंट किया।अनंत सिंह की यह मुलाकात राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बन गई है, खासकर जब से वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिल चुके हैं। पूर्व विधायक अनंत सिंह ने मीडिया कर्मियों से परहेज किया और इस दौरान तस्वीरें सामने आईं, जिन्होंने राजनीतिक अटकलों को जन्म दिया है।

बता दें कि अनंत सिंह मंगलवार को जेडीयू सांसद ललन सिंह के पटना स्थित आवास पर पहुंचे और यहां दोनों नेताओं की मुलाकात हुई।नेता प्रतिपक्ष ने इस मुलाकात पर सवाल उठाते हुए कहा कि जदयू बाहुबल को मजबूत करने के लिए अनंत सिंह को अपने साथ जोड़ रहा है।

## उत्तराखंड में लैंडस्लाइड, 5 तीर्थयात्रियों की मौत, इनमें 3 मध्य प्रदेश के



नई दिल्ली। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग में केदारनाथ जाने वाले रास्ते पर सोमवार देर रात लैंडस्लाइड हुई। मलबे में दबकर 5 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हैं। एसडीआरएफ ने मंगलवार सुबह मलबे से शव निकाले। मरने वालों में एक तीर्थयात्री नेपाल, 3 मध्य प्रदेश और 1 गुजरात का है।

इनकी पहचान मध्य प्रदेश के धार के रहने वाले गोपाल (50), दुर्गाबाई खापर (50), समनबाई (50), गुजरात के सूरत निवासी भारत भाई निरालाल (52) और नेपाल के धनवा निवासी तितली देवी मंडल (70) के तौर पर हुई है। दूसरी तरफ, छत्तीसगढ़ के कई जिलों में मंगलवार (10 सितंबर) सुबह से तेज बारिश जारी है। रायपुर, सुकमा, बीजापुर में बाढ़ जैसे हालात हैं। नदियां उफान पर हैं। सुकमा में ह॥-30 और बीजापुर में ह॥-63 डूब गए हैं। छत्तीसगढ़ का महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से संपर्क टूट गया है।

## दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर आप सरकार को गिराना चाहती है भाजपा-आतिशी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाकर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार को "पिछले दरवाजे से गिराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। यह आरोप ऐसे समय लगाया गया है, जब एक दिन पहले ही राष्ट्रपति सचिवालय ने विपक्षी दल भाजपा के एक ज्ञापन को गृह मंत्रालय के पास "उचित ध्यान के लिए भेज दिया था। ज्ञापन में कहा गया कि दिल्ली संवैधानिक संकट का सामना कर रही है। आतिशी ने 'पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि अगर केजरीवाल सरकार को गिराया गया तो दिल्लीवासी आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को शून्य सीट देकर करारा जवाब देंगे और आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर जीत हासिल करेगी।

## सीतारमण येचुरी की हालत हुई गंभीर, सांस लेने में हो रही दिक्कत



नई दिल्ली। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी की तबीयत गंभीर बनी हुई है। उन्हें सांस लेने में दिक्कत की शिकायत के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया है।सीताराम येचुरी का इलाज एक डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जा रहा है, जो उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। उनका स्वास्थ्य बहुत नाजुक है, और चिकित्सा दल पूरी कोशिश कर रहा है कि उनकी स्थिति में सुधार हो सके। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) के महासचिव सीताराम येचुरी इन दिनों अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है, और उन्हें सांस लेने में दिक्कत के कारण आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों की एक टीम उनके स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए है। येचुरी को हाल ही में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सीपीआई-एम द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, 72 वर्षीय येचुरी की श्वांस नली में संक्रमण हो गया है, जिससे उन्हें सांस लेने में समस्याएं आ रही हैं। उनके स्वास्थ्य की निगरानी के लिए उन्हें आईसीयू में रखा गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

## भाजपा की निंदा करने का मतलब भारत की निंदा करना नहीं है- क्रांग्रेस



नई दिल्ली। कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निंदा भारत की निंदा नहीं है। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल के रूप में जब कांग्रेस भारत में सरकार की आलोचना करती है, तो पूरी दुनिया सुनती है तथा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'कपड़ों से पहचानने की बात करते हैं और हिंदू-मुसलमान करते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, "भाजपा कबसे भारत हो गई कि भाजपा की निंदा करने का मतलब भारत की निंदा करना है। भाजपा या नरेन्द्र मोदी को यह गलतफहमी नहीं होनी चाहिए कि उनकी निंदा करना भारत की निंदा करना है। यह (धारणा) गलत है। खेड़ा ने कहा, "भारत के राष्ट्र निर्माताओं की निंदा जब ये (प्रधानमंत्री) करते हैं, तो किसकी निंदा करते हैं? उस समय हम इनकी नीतियों की निंदा करेंगे, सवाल उठाएंगे, हमारा काम है। इनको क्या आपत्ति है। उन्होंने कहा, "जहां तक बात चुनावों की निष्पक्षता की है, तो एक स्वतंत्र संस्था ने अपने आंकड़े रखे कि कैसे 79 लोकसभा सीट पर गड़बड़ हुई। अचानक वोट बढ़ जाता है, यह बात सबके सामने है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा, "जब हम सवाल देश में पूछते हैं, तो तब भी पूरा विश्व सुनता है, जब प्रधानमंत्री अटपटी बातें करते हैं, जब मन की बात करते हैं, जब कपड़ों से पहचानने की बात करते हैं, जब हिंदू-मुसलमान कर रहे होते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है। क्या भाजपा को इतनी समझ नहीं है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा हिजाब का विरोध करती है और आज हिजाब की बात है, तो कल यह बात सिखों की पगड़ी तक पहुंच सकती है।

## बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले मैदान पर वापसी करेंगे एसकेवॉय

नई दिल्ली। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव अब फिट हो गए हैं। वहीं उन्हें लेकर अच्छी खबर है कि, वह बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में वापसी कर सकते हैं। हालांकि, सूर्या टीम इंडिया में वापसी से पहले ही मैदान में उतरेंगे। वह दलीप ट्रॉफी का दूसरा मैच खेलने उतर सकते हैं।` बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से कहा कि, सूर्युकमार यादव की रिकवरी अच्छी रही। वह पूरी तरह से फिट हैं, टी20 कप्तान सूर्या भी ये बात जानते हैं। सूर्या दलीप ट्रॉफी में इंडिसा सी का हिस्सा हैं। उन्हें इंडिया डी के खिलाफ मैच खेलना था। लेकिन बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अंगूठें में चोट लग गई थी। जिसके बाद उन्हें वहां से नेशनल क्रिकेट एकेडमी जाना पड़ा। एनसीए में सूर्यकुमार बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में हैं। बेंगलुरु में खेले जा रहे इंडिया ए बनाम इंडिया बी के मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आए थे। ये मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जा रहा था। इंडिया सी ने अब तक सूर्यकुमार यादव की रिप्लेसमेंट का ऐलान किया है। ऐसे में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। अगर सूर्य ये मैच खेलते हैं तो ये 14 महीने में उनका पहला रेड बॉल क्रिकेट मैच होगा।

## रणजी ट्राफी में मिसाल कायम करने वाले 19 साल के मुशीर जा सकते हैं ऑस्ट्रेलिया

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम को इस साल आखिर में ऑस्ट्रेलिया खेलने जाना है। टीम इंडिया के साथ ही भारतीय ए-टीम भी इस दौरे पर जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ए-टीम के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 19 साल के मुशीर खान को इस टीम में जगह मिल सकती है। भारत-ए के ऑस्ट्रेलिया के दौरे के लिए यह बल्लेबाज तैयार है, जिसमें चार दिवसीय तीन टेस्ट होंगे। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जाने वाली बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का इंतजार हर एक फैन को है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होने जा रही है। इस दौरे पर भारत की सीनियर टीम के साथ भारत-ए की टीम भी जाएगी। इस टीम में उन खिलाड़ियों को मौका दिया जाता है जो घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को प्रभावित करते हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के चोटिल होने की स्थिति में भारत-ए टीम से खिलाड़ियों को चुना जाता है। रणजी क्वार्टर फाइनल में दोहरा शतक और फाइनल में शतक लगाने वाले मुशीर खान ने भारत-ए के खिलाफ भारत-बी के लिए 181 रन बनाकर सबका चौका दिया है।

भारत-बी टीम ने भारत-ए के खिलाफ 94 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में मुशीर खान ने 373 बॉल पर 16 चौकों और पांच छक्के की मदद से 181 रन की धुंआधार पारी खेली थी। मुशीर को घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेल दिखाने का इनाम मिल सकता है।

## एसए20 क्रिकेट लीग के लिए एक अक्टूबर को होगी नीलामी- स्मिथ

डरबन । दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्टूबर को होगी। स्मिथ ने कहा कि इस नीलामी में 13 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। एसए20 लीग का तीसरा सत्र 9 जनवरी से 8 फरवरी 2025 के बीच होगा। सत्र से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने और टीमों को 13 और खिलाड़ियों के चयन का अवसर मिलेगा। इस लीग में दक्षिण अफ्रीका सहित दुनिया भर के खिलाड़ी खेलेंगे। भारत के दिनेश कार्तिक भी इस लीग में पार्ल रॉयल्स टीम से खेलेंगे। वह इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इस लीग में हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी शामिल करना होगा जबकि तीन टीमों को 30 दिसंबर से पहले वाइल्ड कार्ड की घोषणा करनी होगी।

कार्तिक के अलावा इंग्लैंड के बेन स्टोक्स, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, इंग्लैंड के जो रूट, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, और इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, न्यूजीलजैंड के डेवोन कोंवे, जाक क्राउली के अलावा अफगानिस्तान के राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज भी इस लीग में खेलेंगे। स्मिथ ने कहा, 'एडेन माक्ररम, कैगिसो रबाडा और हेनरिच क्लासेन के साथ ही कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के आने से ये लीग शानदार रहेगी।

# नोएडा स्टेडियम की घटिया तैयारियां, मौसम साफ होने के कारण नहीं हो पाया अफगानिस्तान- न्यूजीलैंड का मैच

नई दिल्ली। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल, इन दोनों के बीच भारत में खेला जाने वाला टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका। दोनों टीमें खेलने को तैयार हैं, मौसम भी साफ है लेकिन नोएड स्टेडिया की खराब तैयारी ने पूरा मैच खराब कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे खराब स्थिति शायद ही कभी देखने को मिली होगी। दो दिन से बारिश नहीं हुई हो और इसके बावजूद मैदान गीला होने के चलते खेल नहीं हो पा रहा है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 9 सितंबर से टेस्ट मैच प्रस्तावित है। ये मैच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होना है। दोनों टीमें इसके लिए काफी पहले ही नोएडा आ चुकी हैं। लेकिन खेल नहीं हो पा रहा है। दरअसल, मैच शुरू होने के एक दिन पहले यहां बारिश हुई, रात में भी बूंदाबांदी होती रही। लेकिन सोमवार को मैच शुरू होना था, उस दिन बिलकुल भी भारिस नहीं हुई। कुछ समय बादल जरूर छाए रहे और कुछ समय धूप खिली, लेकिन स्टेडियम की गीली आउटफील्ड और घटिया जल निकासी के चलते पहले दिन का खेल एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा। इससे भी ज्यादा शर्मनाक स्थिति तो दूसरे दिन देखने को मिली। जब मंगलवार की सुबह से ही धूप खिली और मौसम खेलने के लिए एकदम आइडिल था। लेकिन मैदान की तैयारियों ने फिर खेल खराब कर दिया।

पिच के आसपास इतना गीला था कि खेल हो पाना संभव नहीं था। वहीं इस तरह की स्थिति को देख कर अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक अधिकारी ने सोमवार को ही कहा था कि, यहां बहुत गड़बड़ी है। हम यहां दोबारा कभी वापस नहीं आएंगे। सभी खिलाड़ी यहां की सुविधाओं से नाखुश हैं। हमने संबंधित लोगों से जब बात की थी तो हमें आश्वासन दिया गया था कि सारी तैयारी अच्छी है, लेकिन ऐसा बिलकुल भी नहीं है।



## आज देश के हर हिस्से से निकलकर आ रहीं प्रतिभाएं-द्रविड़

बेंगलुरु । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड़ ने कहा है कि जिस प्रकार से छोटे शहरों से प्रतिभाएं सामने आ रही हैं उससे भारतीय क्रिकेट की बढ़ती ताकत का अंदाजा होता है। इससे भारतीय टीम के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बड़ा पूल तैयार हो गया है। द्रविड़ ने कहा कि अगर आप आज भारतीय क्रिकेट को देखें, तो भारतीय क्रिकेट बेहद मजबूत दिखता है। इसका सबसे एक बड़ा कारण यह है कि प्रतिभाएं हर जगह से, देश के हर कोने से निकलकर आती है। उन्होंने कहा कि जब मैं अपना करियर शुरू कर रहा था, तब भी ज्यादातर प्रतिभाएं बड़े शहरों या कुछ कुछ राज्यों से ही आती



थीं। तब छोटी जगहों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी क्रिकेट खेलने के लिए बड़े शहरों में आना पड़ता था। वहीं अब आप देख रहे हैं कि में हर जगह से खिलाड़ी आ रहे हैं। पूर्व कोच ने कहा कि इसका प्रभाव घरेलू क्रिकेट पर भी दिख रहा है। उन्होंने कहा कि आप अब रणजी ट्रॉफी के स्तर को देखिए, आप किसी भी टीम को हलके में नहीं ले सकते है। उन्होंने कहा कि जब मैंने खेलना शुरू किया था तब दक्षिण क्षेत्र में तमिलनाडु और हैदराबाद को छोड़कर हम अन्य टीमों के प्रति जीत को लेकर थोड़े आश्वस्त रहते थे पर अब ऐसा नहीं कर सकते है। हर टीम मजबूत है।

## भारत-बांग्लादेश टेस्ट सीरीज-अनुभव के आधार पर राहुल प्लेइंग इलेवन में



नई दिल्ली। बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज में बल्लेबाज केएल राहुल को टीम में जगह मिल गई है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में सरफराज खान के शानदार प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ प्लेइंग इलेवन में उन्हें जगह नहीं मिली। केएल राहुल का अनुभव उन्हें फायदा दिलाएगा। टीम प्रबंधन और चयन समिति का पूरा ध्यान नवंबर-दिसंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है और राहुल को 50 टेस्ट मैचों का अनुभव है। टीम प्रबंधन के लिए सरफराज की निडरता और टेस्ट कप्तान रहे एक अनुभवी खिलाड़ी के बीच चयन है जो एक दशक से राष्ट्रीय टीम का हिस्सा है। बीसीसीआई सूत्र ने नाम ना बतारे की शर्त पर कहा कि बाहर के लोगों को यह समझ में नहीं आता कि टीम कैसे काम करती है और किस तरह की व्यवस्था होती है। केएल राहुल ने अपने पिछले तीन टेस्ट मैच दक्षिण अफ्रीका में शतक बनाया जो हाल के समय में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारियों में से हैं और चोट लगने से पहले हैदराबाद में अपने पिछले टेस्ट में 86 रन बनाए। घरेलू क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी सरफराज ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में अपने पहले मैच में दो अर्धशतक और धर्मशाला में अर्धशतक लगाकर शानदान शुरुआत की थी। उन्होंने तेज और धीमे दोनों गेंदबाजों को धुना था। सूत्र ने कहा कि सरफराज ने सब कुछ सही किया है लेकिन कोई भी खिलाड़ी चोटिल होता है तो उन्हें खिलाया जाएगा। राहुल के पास अनुभव है। टीम प्रबंधन सिर्फ बांग्लादेश को ही नहीं देख रहा है बल्कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज पर भी ध्यान दे रहा है, जहां पिछला अनुभव मायने रखता है।

## टेस्ट क्रिकेट को बढ़ाया दिये जाने की जरुरत : अजमल

शारजाह। पाकिस्तान के पूर्व ऑफ स्पिनर सईद अजमल ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है और उसे बचाने के लिए सभी टीमों को प्रयास करना चाहिये। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। जो सबसे लंबा प्रारूप खेलते हैं, वे कोई भी अन्य प्रारूप खेल सकते हैं। अजमल ने अपने करियर के दौरान 184 एकदिवसीय विकेट लिए हैं। इसके साथ ही अजमल ने पाकिस्तान के कई दिग्गज क्रिकेटरों की तरह ही दोनो देशों के बीच क्रिकेट सीरीज शुरु किये जाने की जरुरत बतायी है। अजमल ने कहा है कि दोनो ही देशों की टीमों के बीच मुकाबले होने चाहिये। इस क्रिकेटर ने कहा कि क्रिकेट प्रशंसक ऐसे मुकाबले देखना चाहते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव होने के कारण दोनो ही देशों ने पिछले काफी साल से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली हैं। दोनो ही टीमों के मुकाबले केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में होते हैं।

अजमल ने कहा, भले भारत और पाक के बीच हमेंशा ही मैच रोमांचक रहता है। इस स्पिनर ने कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच बहुत प्यार है और हमें एक-दूसरे के देशों में जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे लंबे प्रारुप टेस्ट के अस्तित्व को भी लाभ होगा। अजमल ने कहा, मुझे विराट कोहली, जो रूट, बाबर आजम और रोहित शर्मा जैसे बल्लेबाज पसंद हैं, वे अच्छे खिलाड़ी हैं। इस इसके साथ ही कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी बेहतर हैं। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अजमल ने कहा, बुमराह बहुत बुद्धिमान गेंदबाज हैं और गति के साथ बुद्धिमत्ता की भी आवश्यकता होती है।



## 13 सितंबर से शुरु होगा आईएसएल फुटबॉल





मुंबई । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) ने 2024-25 सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया है। ये फुटबॉल टूर्नामेंट 2024-25 सत्र 13 सितंबर से शुरु होगा। इसका पहला मुकाबला मोहन बागान और मुंबई सिटी एफसी के बीच होगा। इन दोनो ही टीमों के बीच पिछले सत्र में भी खिताबी मुकाबला हुआ था। आईएसएल के अनुसार इस नये सत्र में 84 मुकाबले होंगे। शुरुआती सप्ताहांत में 14 सितंबर को सत्र में पहली बार एक दिन में दो मुकाबले खेलें जाएंगे। इस दौरान चेन्नईयिन एफसी की ओडिशा एफसी के बीच एक मैच जबकि बेंगलुरू एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच दूसरा मुकाबला होगा।वहीं दूसरे दिन केरल ब्लास्टर्स एफसी की टीम पंजाब एफसी का सामना करेगी। हैदराबाद एफसी की टीम अपना पहला मैच बेंगलुरू एफसी के खिलाफ खेलेगी। आईएसएल के इस सत्र में 13 टीम हिस्सा लेंगी। इसमें आईलीग चैंपियन मोहम्मडन स्पोर्टिंग भी रहेगी। स्पोर्टिंग अपना पहला मुकाबला 16 सितंबर को नॉर्थईस्ट यूनाईटेड एफसी से खेलेगी।

स्पोर्टिंग के आने से अब बंगाल की तीन टीमें इस टूर्नामेंट में खिताब जीतने का प्रयास करेंगी। इसमें मोहन बागान और ईस्ट पहले से ही खेलती रही हैं। इसमें मोहन बागान और मोहम्मडन स्पोर्टिंग के बीच पांच अक्टूबर को मुकाबला होगा जबकि ईस्ट बंगाल और मोहन बागान की टीमें 19 अक्टूबर को आमने-सामने होंगी।

## भारतीय टीम के खिलाफ खेलना हमेशा ही चुनौतीपूर्ण-हेजलवुड

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा है कि भारतीय टीम के खिलाफ खेलना हमेशा ही चुनौतीपूर्ण होता है। हेजलवुड के अनुसार इस बार उनकी टीम ट्रॉफी अपने पास लाने का पूरा प्रयास करेगी। पिछले एक दशक में ये ट्रॉफी भारतीय टीम के पास रही है। हेजलवुड के अनुसार भारत के खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है क्योंकि वे यहां की परिस्थितियों के इतने आदी हैं कि उन्हें यह पसंद है। उनके शीर्ष छह या सात खिलाड़ अविश्वसनीय हैं। मैंने अपनी पहली सीरीज में उनके खिलाफ खेला, जाहिर है और हमने जीत हासिल की, शायद वह आखिरी बार था जब हम जीते थ। बहुत से वही खिलाड़ी अभी भी खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि मैंने विराट को



उस गेम में हराया था। उन्होंने कहा, तो हमारे बहुत से खिलाड़ी, मुझे लगता है, भारत को टेस्ट सीरीज में नहीं हरा पाए हैं। वहीं अनुभवी बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने कहा है कि भारतीय टीम को क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को हराने में काफी खुशी मिलती है जबकि पिछले कुछ वर्षों में दोनो के बीच प्रतिद्वंद्विता और भी बढ़ गई है।भारत ने ऑस्ट्रेलिया में 2018/19 और 2020/21 में हुई पिछली दो बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 2-1 से जीत हासिल की है। भारतय टीम 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होने वाले पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में जीत की हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखेगी, इसके बाद एडिलेड, ब्रिसबेन, मेलबर्न और सिडनी में खेल होंगे। ख्वाजा ने कहा, हम पिछले दो सालों से दुनिया की नंबर एक और नंबर दो टीमें हैं। हम पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में एक साथ थे। प्रतिद्वंद्विता हमेशा से बहुत बड़ी रही है। मैं इसे सम्मान के संकेत के रूप में लेता हूं और मुझे पता है कि भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी रूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना बहुत पसंद है।

वहीं तेज गेंदबाज़ ऑलराउंडर मिशेल मार्श का मानना है कि इस सीरीज से टेस्ट प्रारुप को को आगे बढ़ाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह केवल क्रिकेट है जो दोनों टीमों के बीच खेला गया है। अगर आप इतिहास, हाल के इतिहास को देखें, तो हमने चीजें जीती हैं, उन्होंने चीजें जीती हैं। इस प्रकार देखा जाये तो दोनो के बीच एक अच्छी प्रतिस्पर्धा है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी

### कमिश्नर ने कहा, एडमीशन में 45 से नीचे रैंक वालों की रूकेगी वेतनवृद्धि - 40 से नीचे वालों को नोटिस



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** संभागीय समीक्षा बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने शिक्षा विभाग के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा की। कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रयास करें। शासकीय स्कूलों और छात्रावासों को इतना आकर्षक बनाएं कि उनमें प्रवेश के लिए बच्चे लालायित हों। शिक्षक विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से जीवंत संपर्क रखें। बच्चे को सही शिक्षा मिले तो वह हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेगा। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।

कमिश्नर ने कहा कि कक्षा एक में लक्ष्य के अनुसार बच्चों के प्रवेश की स्थिति संतोषजनक नहीं है। बच्चों के एडमीशन 30 सितम्बर तक पूरे किए जाने हैं। रीवा जिले में लक्ष्य के 62.2 प्रतिशत, सतना में 56.8 प्रतिशत, सिंगरौली में 63.5 प्रतिशत तथा सीधी में 53.21 प्रतिशत बच्चों का प्रवेश कक्षा एक में हुआ है। सीधी जिले की रैंकिंग 49वीं तथा सिंगरौली की 43वीं रैंक है। कमिश्नर ने कहा कि विभिन्न मापदण्डों में प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में 45 से कम रैंक वाले अधिकारियों की वेतनवृद्धि रूकेगी। रैंक 40 से कम तो सभी को कारण बताओ नोटिस दें। हमें सौंपी गई जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाना है। शाला जाने योग्य हर बच्चे का शाला में प्रवेश कराएं। इसमें समग्र आईडी, जन्म प्रमाण पत्र तथा अन्य बाधाओं को दूर करके सात दिवस में 75 प्रतिशत से अधिक की पूर्ति सुनिश्चित करें। टॉप टेन में आने वाले जिलों के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दिए जाएंगे।

कमिश्नर ने कहा कि छूटे हुए बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए घर-घर जाकर संपर्क करें। वंचित तथा गरीब वर्ग के हर बच्चे का अनिवार्य रूप से प्रवेश सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी तथा अन्य अधिकारी छात्रावासों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्रावास की प्रकाश, पानी, भोजन, आवास, शौचालय, साफ-सफाई, पठन-पाठन व्यवस्था तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में प्रतिवेदन दें। छात्रावास में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से हर माह छात्रावास के विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जाँच कराएं। साइकिल वितरण के लिए शेष बचे 3001 विद्यार्थियों का सात दिन में सत्यापन करके साइकिलों का वितरण कराएं। सेवानिवृत्त शिक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों का एक माह में निराकरण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में कमिश्नर ने गणवेश वितरण, मध्यान्ह भोजन योजना, स्कूलों तथा छात्रावासों में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन तथा न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा संतोष कुमार त्रिपाठी ने विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में डीपीसी रीवा एलआर दीपांकर, डीपीसी सतना विष्णु त्रिपाठी, डीपीसी सिंगरौली रामलखन शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी रीवा सुदामा लाल गुप्ता, एपीसी सीधी डॉ सुजीत मिश्रा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जैतवारा बिरसिंहपुर रोड में पुलिया के पास गड्ढे के कारण हो रहे हादसे



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** स्टेट हाईवे सड़क मार्ग 52 सुंदरा सेमरिया रोड मे सिचाई विभाग परियोजना द्वारा जो नहर की पुलिया स्टेट हाईवे को बिना परमिशन खोदकर बनाई उस पुलिया के रोड मे आगे पीछे बड़े बड़े गड्ढे हैं जिसमें आए दिन कही कोई आटो पलटने की खबर सामने आती है तो कही ई रिक्शा आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं एवं आए दिन कोई न कोई घटना उस जगह देखने को मिल रही है सिचाई विभाग और उचतकब के अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे है आखिरकार ऐसे बड़े बड़े गड्ढे को क्यों नहीं भरे जा रहे है क्या उस गड्ढे में किसी की मौत हो जाएगी तब जागेगा प्रशासन एवम जिम्मेदार अधिकारी।

## सतना में रहेगी एनडीआरएफकी टीम

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) गृह मंत्रालय भारत सरकार निर्देशानुसार 16 से 28 सितंबर तक एनडीआरएफकी टीम सतना जिले में फेम एक्सरसाइज के लिए आयेगी। इस दौरान एनडीआरएफकी टीम 15 सितंबर को सतना आकर विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न आपदा संवदेनशील क्षेत्र तथा प्रमुख आकस्मिक इकाईयों का भ्रमण कर डाटा एकत्रित करेगी। जिला आपदा प्रबंधन योजना का अध्ययन कर यह टीम बेहतर आपदा प्रबंधन एवं समन्वय के लिए आवश्यक कार्यवाही भी करेगी। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने फेम एक्सरसाइज के सफ्ल आयोजन के लिए एनडीआरएफकी टीम के जिला प्रशासन एक अन्य एजेंसियों से समन्वय स्थापित करने डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट होमगार्ड सतना को लाइजनिंग आफीसर नियुक्त किया है।

## राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी सतना आयेंगी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** प्रदेश की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी 11 सितंबर को भोपाल से रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा प्रातः 6:40 बजे सतना पहुंचेंगी।

## मनाया विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** देश में नहीं अपितु सम्पूर्ण दुनिया में अकेलेपन और अवसाद के कारण आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। आज के समय में इस समाजिक बुराई ने एक महामारी का रूप धारण कर लिया है। युवाओं की मानसिक कमजोरी, नशे की लत, परिवार के सांस्कृतिक वातावरण से दूरी तथा रोजगार एवं वैवाहिक जीवन में अत्याधिक तनाव को लेकर लोग आत्महत्या के कारण समय के पूर्व ही काल के गाल में समा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 100 में से 1 मौते आत्महत्या के कारण हो रही है यही वजह है कि दुनिया भर में आत्महत्याओं की बढ़ती संख्या को रोकनें और इसके प्रति लोगों को जागरूक करनें के लिये वर्ष 2003 से ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से प्रति वर्ष 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। उक्त बातें राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यर्₹ म में जिला सम्पर्क व्यक्ति एवं जिला समन्वयक जन अभियान परिषद डॉ. राजेश तिवारी द्वारा कही गयी। कार्यर्₹ म में बीरेन्द्र प्रताप सिंह, आर.एन.त्रिपाठी, लखनलाल शुक्ला, सरोज गुर्जर सहित मास्टर ट्रेनर पुनीत मैनी, आकाश कुमार तिवारी तथा आनंदम सहयोगी श्रद्धा दुबे, अल्का दुबे एवं अन्य आनंदक उपस्थित रहे।

कार्यर्₹ म में उपस्थित मास्टर ट्रेनर पुनीत मैनी नें विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनानें के प्रमुख उद्देश्यों, प्रयासों के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक 40 सेकेण्ड में कोई न कोई व्यक्ति औसतन आत्महत्या करता है ऐसे में यह दिवस हमें आत्मघाती विचारों से मुकाबला करनें तथा स्वयं के साथ-साथ दूसरो की सहायता करनें के लिये प्रेरित करता है। अपनें उद्बोधन में बीरेन्द्र प्रताप सिंह नें आत्महत्या के कारणों पर चर्चा करते हुये बताया कि आत्महत्या करनें वाले आत्महत्या करनें की योजना तैयार नहीं करते इसका फैसला वो तात्कालिक रूप से किसी न किसी अवसाद या भावनात्मक कष्ट से ले लेते हैं। इसलिये यह जरूरी है कि हमें यदि किसी प्रकार का अवसाद या डिप्रेशन है तो हम अपना किसी पेशेवर चिकित्सक से समय पर इलाज करायें।

## मैहर जिले में 38 आवेदनों पर सुनवाई

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 38 आवेदकों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, महिला बाल विकास अधिकारी राजेंद्र बांगरे, खाद्य अधिकारी केएस भदौरिया सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में आवेदक दुकौड़ी सेन पिता रामदुलारे सेन निवासी ग्राम इटमा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का हितग्राही हूं मुझे आवास योजना की प्रथम किस्त प्राप्त हुई थी जिसके बाद निर्माण कार्य आखरी चरम पर है, दूसरी किस्त ना मिलने के कारण पूरा कार्य रुका पड़ा है। इसी तरह चंद्रभान पटेल पिता गणेश प्रसाद पटेल निवासी ग्राम कटियाखुर्द ने बताया कि 1 दिसंबर 2023 को सतना जिला अस्पताल में मेरी प%ी की पहली डिलेवरी के दौरान पुत्री प्राप्ति हुई थी जिसके जन्म प्रमाण पत्र में कंप्यूटर आपरेटर ने त्रुटिवस तीसरी डिलेवरी दर्ज कर दी है जो की पूर्णतः गलत है जिसे सुधारने के लिए आवेदन दिया गया। इसी तरह राकेश चौरसिया निवासी पुरानी बस्ती ने बताया कि सरलानगर रोड पर मैहर तहसीली के बगल से मेरी आराजी की जमीन पर राजेश चौरसिया ने शासकीय नाले के ऊपर अवैध अतिर₹ मण करते हुए मेरा रास्ता बंद कर दिया है। सभी समस्याओं की सुनवाई करते हुए कलेक्टर रानी बाटड ने एसडीएम मैहर और सीएमओ मैहर को तत्काल अवैध अतिर₹ मण हटाने के निर्देश के बाद कार्यवाही करते हुए अतिर₹ मण हटाया गया।

## कर्मचारियों की लगाई गई डयूटी

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** नगर पालिका परिषद मैहर के वार्ड ₹ मांक-2 के पार्षद पद के लिए 11 सितंबर को प्रातः 7 बजे मतदान कराया जायेगा। मतदान के बाद 13 सितंबर को प्रातः 9 बजे से तहसील सभागार मैहर में मतगणना का कार्य संपन्न कराया जाना है। मतदान एवं मतगणना दिवस को एमपी लोकल इलेक्शन आईईएमएस पोर्टल पर डीईओ और आरओ की आईडी में डाटा फीडिंग का कार्य किये जाने के लिए अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निकाय) शैलेन्द्र सिंह द्वारा कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। जारी आदेशानुसार सहायक प्रबंधक ई-गवर्नेंस तहसील मैहर श्रीमती राखी अग्रवाल को आईटी प्रभारी, सहायक ग्रेड-3 दयाराम शुक्ला को डाटा का संकलन तथा कम्प्यूटर आपरेटर उपेन्द्र चौरसिया को 11 सितंबर मतदान दिवस को प्रातः 6 बजे एवं तथा 13 सितंबर को प्रातः 7 बजे से कार्य समाप्ति तक दायित्वों को निर्वहन सुनिश्चित करेंगे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आज

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** मिलाद उन नवी एवं गणेश चतुर्थी पर्व के संबंध में जिले में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के उद्देश्य से 11 सितम्बर 2024 को दोपहर 3 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में चर्चा हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। कलेक्टर श्री अनुराग वर्मा ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस को अपने-अपने अनुभाग की शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये है।

## दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण के लिए शिविर 17 सितम्बर को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम रिछाई (एलिम्को) जबलपुर द्वारा माह फरवरी 2024 में जनपदों एवं नगर पालिक निगम सतना के दिव्यांगजनों के हुए परीक्षण शिविरों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्रदाय किये जाने के लिए चिन्हाकित किया गया है। जिसका वितरण 17 सितंबर को सेवा शिविर के माध्यम से किया जाना है। सेवा शिविर का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट ₹ मांक-1 में सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में किया जाना है। शिविर के एक सप्ताह पहले जबलपुर से दिव्यांगजनों के लिए आने वाली सामग्रियों को व्यवस्थित एवं विद्यालय के कमरों में सुरक्षित रखकर मैकेनिकों द्वारा कंपलीट कराई जायेगी। इसके लिए दिव्यांगजनों के सेवा शिविर हेतु व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी।

### जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक

# शासकीय योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करें बैंकर्स-कलेक्टर

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने बैंक सहायित सभी शासकीय योजनाओं में ऋण स्वीकृत एवं वितरण के लक्ष्य अनुसार वार्षिक लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बैंकों के जमा अनुपात को औसत तक बढाने के निर्देश भी दिये है। बैंकों की जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिये गये। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आरबीआई के प्रतिनिधि विनय मोरे, एलडीएम गौतम शर्मा, आरसेटी निदेशक संतोष कुमार साहू, डीडीएम नाबार्ड जीडी गोपेश सहित जिला प्रबंधक और विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।




बैंकों की संयुक्त तिमाही बैठक में 30 जून 2024 की स्थिति में ऋण जमा अनुपात शासकीय योजनाओं में प्रगति की समीक्षा की गई। ऋण जमा अनुपात (सीडी रेशिओं) की समीक्षा में सभी बैंकों का औसत 51 प्रतिशत पाया गया। जिसे और बढाकर सीडी रेशिओं 60 प्रतिशत तक लाने के निर्देश दिये गये। पंजाब नेशनल बैंक के जून की स्थिति में सीडी रेशिओं 8.70 प्रतिशत पाये जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि बैंक में जमा के अनुपात में बैंक द्वारा एडवांस बहुत कम होने पर प्रदर्शित हो रहा है कि बैंक द्वारा एडवांस देने में कोई रूचि नहीं ली जा रही। इसी प्रकार प्राइवेट बैंकों में एचडीएफसी बैंक की सीडी रेशिओं 98.27 प्रतिशत की तुलना में आईसीआईसी बैंक की सीडी रेशिओं 42.14 प्रतिशत पाये जाने पर कलेक्टर ने जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि बैंकर्स सुनिश्चित करें कि जमा और ऋण अनुपात (सीडी रेशिओं) किसी भी बैंक का 40 प्रतिशत से नीचे नहीं होना चाहिए।

वार्षिक योजना में एग्रीकल्चर सेक्टर में तिमाही उपलब्धि 20.85 प्रतिशत पाई गई। जिसे 25 प्रतिशत से अधिक होना था। एमएसएमई सेक्टर में 35.29 प्रतिशत की तिमाही प्रगति हासिल की गई है। एलडीएम गौतम शर्मा ने बताया कि पीएमजेजेबीवाय में 10 लाख 48 हजार 935 व्यक्ति पात्र है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 2 लाख 92 हजार 821 लोगों का बीमा किया गया है। अटल बिहारी पेन्सन स्कीम में 50 हजार 885 हितग्राही पंजीकृत है। कलेक्टर ने कहा कि इन बीमा योजनाओं में क्लेम के लिए पात्र आवेदक, निरस्त दावे और क्लेम सेटलमेंट की जानकारी भी अगली बैठक में प्रस्तुत करें। एलडीएम ने बताया कि सतना जिले में ग्रामीण क्षेत्र में 61, अर्द्धग्रामीण में 29 और शहरी क्षेत्र में 62 मिलाकर कुल 152 बैंक शाखायें संचालित है। जिनमें 141 एटीएम, 612 आउटलेट और 322 बीसी कियोस्क संचालक कार्यरत है। कलेक्टर ने कहा कि सभी बैंकर्स अपने-अपने बीसी और उसके कियोस्क संचालकों का सत्यापन करायें ताकि जिस व्यक्ति को अधिकृत किया गया है। उसका संचालन उसी व्यक्ति द्वारा उसी स्थान पर किया जा रहा है या नहीं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तीनों ट्रेंच में हितग्राहियों के आवेदन प्रस्ताव अनावश्यक लंबित नहीं रखने के निर्देश दिये गये।

कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश में राज्य स्तर पर पीएम स्वनिधि में नगर निगम सतना टाप पर है। यह स्थिति कायम रखें। बैठक में संत रविदास स्वरोजगार योजना, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना, बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना, टन्टया मामा आर्थिक कल्याण योजना, म.प्र. डे आजीविका मिशन शहरी और ग्रामीण प्रधानमंत्री मुंडा योजना, बकरी इकाई, पशुपालन, मत्स्य पालन के किसान ₹ डिट कार्ड की भी प्रगति की समीक्षा की गई। प्रषिक्षित युवाओं का नियोजन 54.38 प्रतिषत इन्डियन बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की जिला सलाहकार समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। निदेशक आरसेटी संतोष कुमार साहू ने बताया कि संस्थान द्वारा सत्र 2024-25 में 34 प्रशिक्षण कार्यर₹ मों में एक हजार प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण का लक्ष्य रखा गया है। जिनमें जून 2024 तक 7 प्रशिक्षण कार्यर₹ मों में 228 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। संस्थान द्वारा 30 जून 2024 तक प्रशिक्षित युवाओं में से 124 युवाओं को सेटलमेंट किया गया है जो कि 54.38 प्रतिशत उपलब्धि है। इस मौके पर आरबीआई के प्रतिनिधि विनय मोरे, एलडीएम गौतम शर्मा, डीडीएम नाबार्ड जीडी गोपेश भी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने बच्चों को खिलाई एलबेण्डाजोल की गोली

### राष्ट्रीय कृमि मुक्त दिवस कार्यर₹ म का हुआ शुभारंभ




**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यर₹ म के अंतर्गत मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर कलेक्टर अनुराग वर्मा ने शहरी क्षेत्र के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धवारी में छात्राओं को कृमि नाशक दवा एलबेण्डाजॉल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यर₹ म में सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी, जिला कार्यर₹ म अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह, टीकाकरण अधिकारी डॉ सुचित्रा अग्रवाल, विद्यालय के प्राचार्य सुभाष मिश्रा सहित विभागीय अधिकारी एवं विद्यालयीन शिक्षकगण और छात्रायें उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रो के 1 साल से 19 साल तक के बच्चों और किशोर-किशोरियों को एलबेंडाजोल टेबलेट खिलाई गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 1 से 2 वर्ष के बच्चों को 400 मिलीग्राम की आधी गोली चूरा करके 2 वर्ष से 3 वर्ष के बच्चों को 400 मिग्रा की एक गोली चूरा करके एवं 3 वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को 400 मिग्रा की गोली का सेवन कराया गया। स्कूलों में गोली का सेवन नोडल शिक्षकों एवं आंगनवाड़ियों में मैदानी कार्यकर्ताओं की उपस्थित में चबाकर एवं पानी के साथ करवाया जा रहा है।

अभियान के तहत 1 से 5 साल के बच्चों को आंगनवाड़ी केन्द्रों में एलबेण्डाजोल का सेवन करवाया गया। 5 से 19 साल के बच्चों का कृमिनाशन शासकीय स्कूलों, निजी स्कूलों एवं शासकीय अनुदान प्राप्त स्कूलों में किया गया। स्कूलों में नोडल शिक्षक की उपस्थिति में गोली खिलाई गई। इसी प्रकार स्कूल छोड़े हुए एवं स्कूल अप्रवेशी बच्चों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की उपस्थिति में एलबेण्डाजोल की चबाने की गोली का सेवन कराया जा रहा है। छूटे हुए बच्चों को मॉपअप राउण्ड के तहत 13 सितम्बर को एलबेण्डाजोल का सेवन करवाया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी मुद्रक प्रकाशक संदीप द्विवेदी द्वारा मीडिया प्रकाशन रीवा से मुद्रित कर मीडिया ऑडीटर कार्यालय प्रभात बिहार कॉलोनी सतना से प्रकाशित, संपादक संदीप द्विवेदी आर.एन.आई नं.एमपीएचआईएन/2021/81683
प्रधान कार्यालय रीवा (सिटी कार्यालय चक्रधर सिटी सेंटर रीवा) फोन. नं. 9407132714, 7974467831 Mediaauditor1@gmail.com पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार, सभी विवादो का न्याय क्षेत्र रीवा होगा।